सेंसेक्स ~ 80,539.91
निफ्टी ~ 24,619.35
सोना ~ 1,01,350
चांदी ~ 1,15,000
डॉलर ~ 87.45

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
गुरुवार 14 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण 06 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 320
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

## खास खबर

### नीट पीजी 2025 का रिजल्ट 3 सितंबर तक होगा जारी

नई दिल्ली। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) का कहना है, कि नीट पीजी 2025 परीक्षा का परिणाम 3 सितंबर 2025 तक घोषित किया जा सकता है। परीक्षा में शामिल हुए लाखों उम्मीदवारों की नजरें आने वाले रिजल्ट पर टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि देशभर के 301 शहरों में 1052 परीक्षा केंद्रों पर 3 अगस्त को आयोजित इस परीक्षा में लगभग 2.42 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। रिजल्ट एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट एनबीई डॉट ईडीयू डॉट इन पर जारी होगा। बोर्ड के अनुसार, परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध होगा, जिसमें उम्मीदवारों के रोल नंबर, अंक, अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) और योग्यता की स्थिति दी जाएगी।

### लालकिले की प्राचीर से 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करने को तैयार पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करने वाले है। इस बार भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी हो रही है।

सूत्रों के अनुसार पीएम अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देने वाले है। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इसके अलावा, मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में केंद्र के रोडमैप का ऐलान भी कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिफारिशें दे चुके हैं। राज्य के दर्जे की बहाली की औपचारिक घोषणा के बाद विधायी और कार्यपालिका के स्तर पर तेजी से कदम बढ़ाए जा सकते है। सूत्रों के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के विधेयक में मौजूदा विधानसभा को राज्य विधानसभा के तौर पर आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा।

### सेबी ने अनिल अंबानी को दिया झटका

मुंबई । मार्केट रेगुलेटर सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने यस बैंक में किए गए निवेश से जुड़े आरोपों का निपटारा करने की मांग की थी। अब उन पर कम से कम 1,828 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। मामला 2016-2019 के बीच रिलायंस म्यूचुअल फंड (जो तब अंबानी के नियंत्रण में था) द्वारा यस बैंक के अतिरिक्त टियर-1 बॉण्ड में 2,150 करोड़ रुपये के निवेश से जुड़ा है। साल 2020 में यस बैंक के डूबने पर यह रकम बट्टे खाते में डाल दी गई।

## कुछ ना कहना




## बिहार वोटर वेरिफिकेशन के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से विपक्ष को लगा झटका, कहा-11 में से कोई 1 डॉक्यूमेंट मांगा, सिंघवी ने कहा- 1-2 प्रतिशत के पास स्थायी निवासी प्रमाणपत्र, बेंच ने कहा- निर्वाचन आयोग का दस्तावेज जांच अभियान मतदाता विरोधी नहीं

# वोटर्स फ्रेंडली है दस्तावेज जांच अभियान

नई दिल्ली/पटना। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग का दस्तावेज जांच अभियान मतदाता विरोधी नहीं है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह कवायद मतदाताओं की सुविधा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए है, न कि उन्हें सूची से बाहर करने के लिए। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को वोटर फ्रेंडली बताया है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग ने 11 में से कोई एक डॉक्यूमेंट मांगा है। शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा कि एसआईआर में 11 दस्तावेज मांगे गए हैं, जबकि राज्य में पहले किए गए छोटे से वोटर रिवीजन में 7 डॉक्यूमेंट्स मांगे गए थे। याचिकाकर्ताओं के इस तर्क के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना लिस्ट से बाहर करने जैसा रवैया था। लेकिन इसमें दस्तावेजों की बड़ी संख्या (11) का मकसद लोगों को लिस्ट में रखना है।

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस प्रक्रिया को एंटी वोटर और अलगाववादी करार दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि दस्तावेज जांच का उद्देश्य लोगों को मतदाता सूची से हटाना है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि अदालत को नागरिकता साबित करने के लिए उपलब्ध दस्तावेजों की संख्या देखनी चाहिए, जो वास्तव में मतदाताओं के हक में है। अदालत ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग का यह कदम प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए है। मामले की सुनवाई में शामिल जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि चुनाव आयोग कहता कि सभी 11 दस्तावेज जरूरी हैं, तो यह मतदाताओं के खिलाफ समझा जा सकता था, लेकिन अगर कहा जाता है कि 11 विश्वसनीय दस्तावेजों में से कोई भी दे सकते हैं, तो यह मतदाताओं के अधिकारों का समर्थन ही करता है।

### 1-2 प्रतिशत लोगों के पास स्थायी निवास प्रमाणपत्र

याचिकाकर्ताओं की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने मांगे गए दस्तावेजों की संख्या से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि बिहार में 1-2 प्रतिशत लोगों के पास स्थायी निवास प्रमाणपत्र होगा। अगर राज्य में जनसंख्या के आधार पर डॉक्यूमेंट्स की उपलब्धता की बात करें तो यह काफी कम है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में सुनवाई चल रही है।



### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार को बदनाम करने पर भी नाराजगी जाहिर की

बिहार में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मामले की सुनवाई कर कहा कि एसआईआर वोटर फ्रेंडली है और यह वोटरों के खिलाफ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार को बदनाम करने पर भी नाराजगी जाहिर की। विशेष रूप से प्रशासनिक सेवाओं में बिहार मूल के लोगों की भारी उपस्थिति के संदर्भ में।

दरअसल एसआईआर को लेकर बुधवार को दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई चल रही थी। तभी अभिषेक मनु सिंघवी इस मामले को लेकर अलग-अलग दलीलें दे रहे थे। तभी जस्टिस बागची ने सिंघवी से कहा कि उनका आधार बहिष्कार का तर्क समझ में आता है, लेकिन अन्य दस्तावेजों की संख्या का मुद्दा वास्तव में मतदाताओं के अनुकूल है और उनके खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेजों की संख्या पर भी विचार किया जाना चाहिए।

बता दें, बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव का मामला चर्चा में है। चुनाव आयोग ने 65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें 22 लाख मृत, 36 लाख स्थानांतरित, और 7 लाख दोहरे पंजीकरण वाले मतदाता शामिल हैं। विपक्षी दलों ने आयोग की इस कार्रवाई को 'वोट चोरी' और बीजेपी के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया है।

### गुजरात के लोग बन रहे बिहार में वोटर

#### -तेजस्वी का चुनाव आयोग पर आरोप, बोले- मुजफ्फरपुर की मेयर और भाजपा नेत्री के भी दो वोटर-आईडी

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि अब गुजरात के लोग बिहार के वोटर बन रहे हैं। गुजरात में भाजपा के प्रभारी भीखूभाई दलसानिया अब वो पटना के वोटर बन गए है। तेजस्वी यादव ने ये भी दावा किया कि मुजफ्फरपुर की मेयर और भाजपा नेत्री निर्मला देवी के एक ही विधानसभा में दो वोटर-आईडी हैं, जिनमें उम्र भी अलग-अलग दर्ज है। तेजस्वी के मुताबिक, एक में 48 साल और दूसरे में 45 साल। इतना ही नहीं, उनके दोनों देवर के भी अलग-अलग एपिक नंबर हैं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि ओरिजिनल मतदाता को चुनाव आयोग की ओर से मृत बता दिया जाता है, लेकिन भाजपा के लोगों के दो-दो एपिक नंबर बन जाते हैं।

### 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट

कोर्ट ने कहा, राज्य में 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट है। इसे अच्छी संख्या कहा जा सकता है। बिहार को इस तरह पेश न करें। अखिल भारतीय सेवाओं में सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व इसी राज्य से है। ज्यादातर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस यहीं से हैं। अगर युवा आबादी प्रेरित नहीं होगी तो यह संभव नहीं हो सकता।

### भाजपा के इशारे पर वोट की डकैती

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कल जिन लोगों का नाम एसआईआर की मृत लिस्ट में था, उन लोगों को जिंदा अदालत में पेश भी किया गया। यह एक गंभीर मामला है। लोग इसे वोट की चोरी कह रहे हैं, लेकिन भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग वोट की डकैती कर रहा है। जब खुलासा होने लगा है तो भाजपा की बोलती बंद है। 2020 में भी चुनाव आयोग ने वोट की चोरी की थी। 12,000 मतों के अंतर से हमें 10 सीटों पर हरा दिया गया था। तेजस्वी ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में चुनाव आयोग की चोरी पकड़ी गई, तो चुनाव आयोग ने सीसीटीवी को ही हटा दिया। देश की जनता सब समझती है। चुनाव आयोग केवल भाजपा के लोगों का सहयोग कर रहा है। विपक्ष के वोटों को कम कर रहा है और भाजपा के लोगों का एक ही विधानसभा में दो-दो एपिक नंबर बनाए जा रहे हैं।

## राहुल गांधी को जान का खतरा, अदालत में दिया आवेदन और कहा- इतिहास दोहराने न दें

पुणे। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पुणे की एक अदालत में आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा, कि उनकी जान को गंभीर खतरा है। उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र करते हुए इतिहास को दोहराने नहीं देने की भी बात कही है। उक्त आवेदन सावरकर पर की गई टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में प्रस्तुत किया गया है।

एक जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने अपने आवेदन में कहा है, कि इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसी के साथ राहुल गांधी ने दावा किया, कि हाल ही में उन्होंने जिन राजनीतिक मुद्दों को उठाया है और पूर्व में सावरकर पर जो टिप्पणियां कीं थीं, उनकी वजह से उनकी सुरक्षा को बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इस मामले के शिकायतकर्ता, नाथूराम गोडसे के सीधे वंशज हैं। शिकायतकर्ता के परिवार का हिंसा और असंवैधानिक गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज़ों वाला इतिहास मौजूद है। ऐसे में राहुल गांधी ने कहा है, कि इससे स्पष्ट, तार्किक और ठोस आशंका है कि मुझे नुकसान पहुंचाया जा सकता है।



झूठे मामलों में फंसाया जा सकता है या अन्य तरह से निशाना बनाया जा सकता है। खासतौर पर तब जबकि शिकायतकर्ता के परिवार का हिंसा से जुड़ा इतिहास मौजूद है। ऐसे में इतिहास को खुद को दोहराने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। राहुल गांधी ने यह बयान महात्मा गांधी की हत्या के संदर्भ में दिया है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अपने बयान में राहुल गांधी ने यह भी स्पष्ट किया है, कि वोट चोरी के मुद्दे ने उनके राजनीतिक विरोधियों को भड़का दिया है। इसी के साथ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा की ओर से उन्हें दो सार्वजनिक धमकियां मिल चुकी हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री रवीनीत सिंह बिट्टू द्वारा उन्हें देश का नंबर वन आतंकवादी कहा जाना। वहीं भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह द्वारा भी धमकी दी गई। इसलिए राहुल गांधी ने अदालत से आग्रह किया कि उनकी सुरक्षा के लिए इन खतरों को गंभीरता से लिया जाए, क्योंकि उनकी जान को खतरा वास्तव में एक गंभीर बात है।

## दिल्ली में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार की संभावना जताई गई है। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई ने कहा है कि इस मुद्दे पर फिर से विचार किया जाएगा, जिससे यह संकेत मिलता है कि अदालत पहले दिए गए आदेश पर दोबारा विचार कर सकती है। यह बयान पशु अधिकार कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच इस विषय पर बढ़ती चिंता के बीच आया है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2025 को दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में सभी



आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था।

यह आदेश बढ़ते कुत्ते के काटने और रेबीज के मामलों के मद्देनजर दिया गया था। अदालत ने कहा था कि यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा के हित में है और किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा इस आदेश में रुकावट डालने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, इस आदेश के बाद कई पशु अधिकार कार्यकर्ताओं और आम जनता ने इसे अमानवीय और अव्यावहारिक बताया है। अभिनेता जॉन अब्राहम ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर इस आदेश की समीक्षा करने की अपील की है।

## ओडिशा सरकार ने आधिकारिक संचार में 'हरिजन' शब्द के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। ओडिशा सरकार ने आधिकारिक संचार (ऑफिशियल कम्युनिकेशन) में 'हरिजन' शब्द के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रदेश सरकार ने अपने सभी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों को आधिकारिक संचार, अभिलेखों और दस्तावेजों में 'हरिजन' शब्द का प्रयोग बंद करने का निर्देश दिया है। अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में, अधिकारियों को आधिकारिक उद्देश्यों के लिए केवल संवैधानिक शब्द 'अनुसूचित जाति' का ही प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। ओडिशा मानवाधिकार आयोग के पिछले संचार और हाल के आदेशों के संदर्भ में, इस निर्देश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 'हरिजन' शब्द का प्रयोग अब किसी भी रूप में, जाति प्रमाण पत्र, प्रकाशन या विभागीय नामकरण सहित, न किया जाए। इस आदेश में अंग्रेजी में 'अनुसूचित जाति' शब्द के प्रयोग और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत मान्यता प्राप्त उड़िया और अन्य भाषाओं में इसके उचित अनुवाद को अनिवार्य किया गया है।

## कॉर्पोरेट जगत को उम्मीद, भारत अमेरिका टैरिफ पर बातचीत के जरिए समझौता कर लेंगे

नई दिल्ली। देश में कॉर्पोरेट जगत को उम्मीद है कि भारत और अमेरिका टैरिफ पर बातचीत के जरिए समझौता कर लेंगे। फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर एमके द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख उद्योग जगत के लीडर्स ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन के फैसले से प्रभावित प्रबंधन को उम्मीद है कि भारत से अमेरिकी आयात पर अंतिम टैरिफ कम दर पर तय होगा।

कॉर्पोरेट हितधारकों के अनुसार, 21 दिनों की ऑफ-रैंप अवधि से भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के जरिए समझौता हो जाना चाहिए, क्योंकि अमेरिकी बाजार में सबसे ज्यादा निवेश करने वाली कंपनियों के लिए आकस्मिक योजनाएं हैं, जिनमें उत्पादन को दूसरे भौगोलिक क्षेत्रों में स्थानांतरित करना शामिल है, हालांकि ऐसे



कदमों को लागू करने में समय लगेगा।

वक्ताओं ने भारत की दीर्घकालिक विकास कहानी पर जोर दिया। डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने वैल्यू चेन में आगे बढ़ने और विकास की गति को बनाए रखने की महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित किया।

कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के अध्यक्ष आदिल जैनुलभाई ने इस बारे में जानकारी दी कि कैसे सीबीसी की पहल सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में दक्षता बढ़ा रही है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि अगर टैरिफ 50 प्रतिशत पर बना रहता है, तो इससे परिसंपत्ति गुणवत्ता पर विशेष रूप से कपड़ा और एमएसएमई निर्यातकों पर संभावित दबाव पड़ेगा।

वक्ताओं के अनुसार, लीडर्स को उम्मीद है कि सरकार इस प्रभाव को कम करने के लिए संभावित ऋण गारंटी योजना सहित लक्षित उपाय करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि व्यापार संबंधी मुद्दों के अलावा, भारत के घरेलू बाजार के लिए सेंटीमेंट सकारात्मक बना हुआ है।

## राहुल गांधी के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू

### पूर्व सीएम गन मोहन रेड्डी ने लगाए गंभीर आरोप

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि सीएम चंद्रबाबू नायडू तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। जगन मोहन रेड्डी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और सवाल किया कि राहुल गांधी आंध्र प्रदेश में वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में घोषित नतीजों और मतगणना के दिन के नतीजों में 12 फीसदी से ज्यादा अंतर था?



## दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं से किसी केस में कानूनी राय...मामले में सीनियर वकीलों के जबाव

नई दिल्ली। किसी भी केस की जांच के दौरान दो सीनियर अधिवक्ताओं को तलब करने और उन दोनों से कानूनी राय लेने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। इस मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम पहलुओं पर टिप्पणी की। इस दौरान ही सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की ओर से कहा गया कि वकीलों को कभी भी पेशेवर राय देने के लिए नहीं बुलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई वकील अपराध करता है, तब उस पर कार्रवाई के कोई अपवाद लागू नहीं होने चाहिए।

सुनवाई के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने जैकब मैथ्यू केस में 2005 के फैसले का जिक्र किया। फैसले में चिकित्सा लापरवाही के मामलों में डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से संबंधित प्रावधान था और एफआईआर दर्ज करने से पहले डॉक्टरों की एक विशेष समिति द्वारा एक प्रारंभिक जांच अनिवार्य की गई थी। सिंह ने कहा कि इसी तरह यह निर्धारित किया जा सकता है कि वकीलों को मजिस्ट्रेट अदालत की मंजूरी के बाद ही तलब किया जा सकता है।

वहीं अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि यह लंबी छूट देने के समान होगा। इसकी शायद जरूरत भी न हो। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने वकीलों को एक्सेप्शन के लिए अपवाद न होने की जो बात कही, उस पर सीजेआई बीआर गवई ने भी सहमति जाहिर की। उन्होंने कहा, 'आप एक वकील की बात कर रहे थे जो शव को ठिकाने लगाने या सबूत गढ़ने की सलाह दे रहा था। यह आईपीसी की धारा 201 (सबूत मिटाना) के तहत आएगा।

वकीलों को सम्मन जारी करने के लिए अदालत की मंजूरी के सुझाव पर मेहता ने कहा, लोगों के एक वर्ग के लिए प्रदान हो रही कुछ अलग व्यवस्था अनुच्छेद 14 का सामना नहीं कर सकती है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि जैकब मैथ्यू मामले में दिया गया फैसला भी एक अलग सेक्शन बनाता है और उन्होंने सॉलिसिटर जनरल से पूछा, क्या आपने फैसले की समीक्षा की मांग की है?

इस पर एसजी मेहता ने कहा कि वह मैथ्यू मामले में लिए गए फैसले का विरोध नहीं कर रहे हैं। अदालत को सौंपे गए एक नोट में एसजी जनरल ने कहा, फ़जो भी हो। यह स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जाता है कि वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार कानून का एक महत्वपूर्ण और सबसे पवित्र सिद्धांत है और ऐसा ही रहना चाहिए।

उन्होंने कहा, वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार का मुख्य उद्देश्य खुले और स्पष्ट संचार को बढ़ावा देना है। यह सुनिश्चित करते हुए कि वादी अपने वकीलों को सभी प्रासंगिक जानकारी बिना किसी भय के दे सकें और स्पष्ट रूप से बता सकें। एसजी ने कहा कि यह निर्बाध आदान-प्रदान अधिवक्ता/वकीलों द्वारा उचित कानूनी सलाह प्रदान करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो बदले में कानून के अनुपालन को प्रोत्साहित करता है और प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व को सुगम बनाता है।

## 17 अगस्त से महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा सासाराम से होगी शुरु, गांधी मैदान में 1 सितंबर को समाप्त

पटना। 17 अगस्त से महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा शुरू होने जा रही है। यह यात्रा रोहतास के सासाराम रेलवे स्टेडियम से शुरू होकर पटना के गांधी मैदान में 1 सितंबर को समाप्त होगी।

महागठबंधन की यह वोट अधिकार यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से होकर गुजरेगी। हालांकि, महागठबंधन की ओर से यात्रा के शेड्यूल का औपचारिक ऐलान होगा। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद इस यात्रा में मौजूद रहने वाले है। उनके साथ पहले दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद रहने वाले है। मोतिहारी में महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में संविधान सम्मेलन होगा और आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया जाएगा। वहीं, पटना के गांधी मैदान में वोट अधिकार रैली होगी।

वहीं, तेजस्वी यादव समेत बिहार के सभी इंडिया अलायंस के घटक दल यात्रा में शामिल होने वाले है। इस यात्रा में तीन दिन ब्रेक होगा। हालांकि, महागठबंधन की ओर से यात्रा के शेड्यूल का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। इस वोट अधिकार यात्रा का लोगो भी तैयार कर किया गया है। वहीं, कांग्रेस की ओर से 25 जिलों में वोट अधिकार यात्रा के लिए जिला कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है।

## सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

दौसा। यूपी के 11 लोगों की राजस्थान में सड़क हादसे में मौत हो गई। इनमें 7 बच्चे, 3 महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सभी खाटू श्याम के दर्शन करके पिकअप से एटा लौट रहे थे। दौसा में 22 श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में जा घुसी। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और पुलिस पहुंची। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। हादसा बुधवार तड़के सुबह 3:30 बजे सैंथल थाना क्षेत्र के बापी गांव में हुआ। मरने वालों में 9 लोग असरौली गांव के, जबकि 2 फिरोजाबाद के रहने वाले थे।

# कृष्ण जन्माष्टमी 16 को,मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे कलाकार

## जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय सहित तहसीलों व अन्य ग्रामीण अंचलों में हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा 16 अगस्त शनिवार को नंदलाल का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों सहित घर-घर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।वही इसके दूसरे दिन गोपाल मंडलियों व युवाओ की टोलियो द्वारा जगह-जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिमाओं का विसर्जन कर कृष्ण जन्माष्टमी का समापन किया जाएगा।कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर का बाजार पूरी तरह से सजधज कर तैयार हैं।वहीं मूर्तिकारो ने भी मनमोहक प्रतिमाओं के रंग रोगन का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है।इसके अलावा घरों व मंदिरों में विशेष साफ-सफाई रंग रोगन कर आकर्षक सजावट की गई है।जहां कृष्ण जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विधि-विधान के साथ नंदलाल की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी।वही कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 16 स्थित जिले के एकमात्र कृष्ण मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएगे।जहां वर्ष 1921 से चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन देर रात मटकी फोड़ कार्यक्रम कर संपन्न कराए जाएंगे।



### बाजार हुआ गुलजार

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर घरों व मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार भी पर्व को लेकर सज गए हैं। भगवान की पोशाक एवं साज-सज्जा सामग्री से सजी दुकानों पर लोग खरीरदारी को पहुंच रहे हैं। मंदिरों में सफाई एवं रंगाई का काम शुरू हो गया है। शहर से लेकर गांव कस्बों तक मंदिरों की सजावट हो चुकी है। जहाँ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। भक्तगणो द्वारा घरों में भगवान कृष्ण की पूजा की जाएगी।बाजारों में जगह-जगह भगवान की पोशाक और साज सज्जा की दुकानें सज गई हैं।इस बार भगवान के मुकुट से कहीं अधिक लोग पगड़ी पसंद कर रहे हैं। बाजारों में 200 रुपये से लेकर ढाई हजार तक की पोशाक बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। वहीं अन्य सामग्री भी सस्ती से लेकर महंगी तक उपलब्ध हैं। बाजारों में सजी इन दुकानों पर लोग साज-सज्जा की सामग्री एवं वस्त्रों के अलावा झूले और भगवान की प्रतिमा भी खरीद रहे हैं।जहाँ जन्माष्टमी के कारण बाजार की रौनक बढ़ गई है।

### आसमान छूती मंहगाई से मूर्तिकार भी परेशान

पर्व विशेष पर प्रतिमाएं बनाने वाले मूर्तिकारों की माने तो उन्होंने 2 माह पूर्व से मूर्ति बनाने का काम शुरू कर दिया है।फिलहाल मूर्ति बिक्री को लेकर रुझान नहीं आए हैं लेकिन जन्माष्टमी के दिन अच्छी खासी मूर्तियां बिकने की उन्हें उम्मीद है।पिछले वर्ष के मुकाबले मूर्ति इस वर्ष महंगी हो गई है।पिछले वर्ष 100रु से मूर्ति बिकना स्टार्ट होती थी।लेकिन इस वर्ष कलर मिट्टी महंगी होने से 200 से नीचे मूर्ति नहीं बिक रही है।कलर, मेहनत, मजदूरी और मिट्टी सहित अन्य मटेरियल मंहगा होने के चलते इसकी लागत बढ़ गई है इसलिए मूर्तियों के दाम अधिक है।बताया गया कि 2 फीट की प्रतिमा को कंप्लीट करने में 1000 रु की लागत लगती है जबकि एक प्रतिमा को बनाने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता है।वही प्रतिमा 1500 से 2000रु तक की बिकती है।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी एवं समता सैनिक दल की निरीक्षण बैठक 16 अगस्त को

## एसएसडी के अस्टिटेंट स्टॉफ ऑफिसर

## डी.एम.आचार्य गुरुजी मुम्बई का बालाघाट आगमन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं उसका सुरक्षा विभाग अर्थात समता सैनिक दल जिला ईकाई बालाघाट की आवश्यक निरीक्षण बैठक का आयोजन 16 अगस्त शनिवार को बूढ़ी वार्ड नं 01 ,स्थानीय रेलवे क्रासिंग स्थित एक भवन में किया गया है। दोपहर 1.30 बजे से आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष एवं एसएसडी के जीओसी बालाघाट करेगें, मुख्य अतिथि एवं निरीक्षक एसएसडी के अंसिटेंट स्टॉप ऑफिसर, हेडक्वाटर सचिव डी.एम. आचार्य गुरुजी चैत्यभूमि मुंबई होंगे, प्रमुख अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य शाखा द.,केन्द्रीय शिक्षक,एसएसडी मप्र रेजीमेट के जीओसी मप्र होंगे, विशेष अतिथि हेमलता ताई डोगरे प्रदेश उपाध्यक्ष व केन्द्रीय शिक्षिका, आर.के. कठाने प्रदेश सचिव एवं माजी श्रामनेर व बोद्धाचार्य, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव माजी श्रामणेर व बोद्धाचार्य म.प्र. होगें। बैठक में जिला शाखा, जिले की समस्त तहसील, नगर, सर्कल व अन्य सभी शाखाओं के सभी पदाधिकारियों को एवं समता सैनिक दल के सभी सैनिकों से उपस्थिति की अपील जिला शाखा द्वारा की गई है।बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये जायेगें। इस दौरान सदस्यता अभियान, पुरानी बुके एवं शेष जमा राशि करना, शाखाओं का गठन व पुनर्गठन करना, शाखाओं की सूची मान्यता पत्र सहित जमा करना, जिला, तहसील, नगर शाखा बालाघाट के पुनर्गठन की रूपरेखा तैयार करना, धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजनो पर चर्चा, जिला शाखा द्वारा धम्म पर्यटन बुद्धगया व भुटान देश की यात्रा के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा, भोपाल मुख्यालय में राज्य स्तरीय बैठक एवं एसएसडी के विशेष सैनिक प्रशिक्षण शिविर जो भोपाल मुख्यालय में आयोजित है उसमें शामिल होने पर चर्चा, महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन को गति देने पर चर्चा, संस्था का संरक्षण विभाग अर्थात एसएसडी को सक्रिय एवं विस्तार पर चर्चा होगी। वही सत्र 2 के विषय में मुख्य अतिथि डी एम आचार्य गुरुजी द्वारा समता सैनिक दल का परिचय, जवानों की परेड व निरीक्षण एवं एसएसडी के जवानों एवं पदाधिकारियों को मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये जायेगें।उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष एवं एसएसडी जी.ओ.सी. एस.एल.रंगारे द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

# पीजी कॉलेज में स्वच्छता व राष्ट्रभक्ति के रंगों से सजी तिरंगा रैली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के नेतृत्व एवं में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता एवं स्वच्छता के रंग, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रांगण से रैली का शुभारंभ हुआ



जिसमें एनसीसी एवं एनएसएस इकाई, महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्राध्यापकगण, कर्मचारी, समस्त वॉलंटियर्स तथा सैकड़ों छात्र छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम, ,इंकलाब जिंदाबाद, हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता जैसे जोशीले नारों से पूरे नगर को देशभक्ति के उल्लास से गुंजायमान कर दिया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य चौराहों से होती हुई पुनः महाविद्यालय प्रांगण में पहुंची, जहां एक अद्वितीय दृश्य देखने को मिला। प्रतिभागियों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से भारत माता का जीवंत मानचित्र बनाया। हाथों में तिरंगा और हृदय में असीम गर्व के साथ सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की अनुगूंज से भर उठा। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. मराठे ने कार्यक्रम की थीम पर ओजस्वी उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम एवं स्वच्छता के प्रति संकल्पित रहने का संदेश दिया। तिरंगा रैली ने न केवल नगर में राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय संदेश दिया, बल्कि स्वच्छता के महत्व को भी जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को फल एवं रिफ्रेशमेंट वितरित किए गए। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीएस कातुलकर, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. कंचन मसराम, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. एनएम कुरैशी, डॉ. टीसी बड़घैया, कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डॉ. आरएन झारिया, एनसीसी प्रभारी, डॉ.गजानन कटरे, एनएसएस प्रभारी, प्रो. सुखचंद एडे सहित समस्त प्राध्यापकगण, मुख्य लिपिक श्रीमती महामाया भलावे एवं अन्य कर्मचारी एवं छात्रों का योगदान सराहनीय रहा।

# मतदान केंद्रो के युक्तियुक्तकरण के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रो के युक्तियुक्तकरण के लिए 13 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे की अध्यक्षता में राजनीतिक दलो की पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के श्याम पंजवानी, भारतीय जनता पार्टी के संजय अग्निहोत्री, आम आदमी पार्टी के शिव जायसवाल, बहुजन समाज पार्टी के दुर्गेश बिसेन, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के श्री वायआर बिसेन, आम आदमी पार्टी के रजनीश नायडू, अनिल कुमार ब्रम्हे, मसराम डहारे उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि बालाघाट जिले के 06 विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में कुल 1675 मतदान केंद्र है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाताओ की संख्या वाले मतदान केंद्रो पर 02 मतदान केंद्रो में विभाजन करना है। बालाघाट जिले में ऐसे मतदान केंद्रो की संख्या 107 है और 04 मतदान केंद्रो की दूरी 02 किमी से अधिक होने के कारण नए मतदान केंद्र प्रस्तावित किये गए है। अतः मतदान केंद्रो के विभाजन एवं अधिक दूरी के कारण नए मतदान केंद्र बनने के बाद जिले में कुल मतदान केंद्रो की संख्या बढ़कर 1786 हो जाएगी। जिले के जिन मतदान केंद्रो के भवन जर्जर है और वहां पर अन्य अच्छी व्यवस्था में शासकीय भवन उपलब्ध है ऐसे मतदान केंद्रो को नए भवन में स्थानांतरित किया जाना है। जिले में ऐसे मतदान केंद्रो की संख्या 16 है। बैठक में राजनीतिक दलो के पदाधिकारियों से कहा गया कि वे सभी मतदान केंद्रो पर अपने बुथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करे। बैठक में राजनीतिक दलो के पदाधिकारियों द्वारा सुझाव दिया गया कि बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छोटी कुम्हारी के मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण देर रात तक मतदान होता है। अतः इस मतदान केंद्र को दो भागो में विभाजित किया जाए। इसी प्रकार परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुरिया-शेरवी एवं धारापुरी-ओकासी के बीच दूरी अधिक होने के कारण इन ग्रामों के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र बनाने का सुझाव दिया गया। बैठक में बताया गया कि 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण बैहर विधानसभा में मरारीटोला, बैहर, डोंगरिया, जमुनिया, माटे, अजगरा, पिपरटोला, मोहगांव, करहू, पटकरा, बिठली में नए मतदान केंद्र प्रस्तावित किये गए है। जबकि जंगलीखेड़ा में 02 किमी से अधिक दूरी होने के कारण नया मतदान केंद्र प्रस्तावित किया गया है। ग्राम सारसडोल, भीमा एवं खमरिया में मतदान केंद्र का भवन जीर्णशीर्ण होने के कारण भवन परिवर्तन किया जाना है। विधानसभा लांजी में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण सुसवा, निम्देवाड़ा, डुंडासिवनी, गोदरी, दत्ता, किरनापरु, बेनेगांव, कड़कना, कांद्रीकला, सेवती, अकोला, कोदोबर्रा, बडगाव, ककोडी, बोलेगांव, टेडवा, कारंजा, घंसा, बोथली, चिचोली, चिखली, बिरनपुर, बिसोनी, लांजी में 03, पुर्वाटोला, रिसेवाड़ा में मतदान केंद्रो का विभाजन कर नए मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। 02 किमी से अधिक दूरी के कारण केराटोला एवं खंडवा में नया मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। ग्राम उमरी, दुल्हापुर एवं ठेमा के मतदान केंद्र का भवन जीर्णशीर्ण होने के कारण भवन का परिवर्तन किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा के अंतर्गत कनई, खरपड़िया, धनवार, सरेखा, लवेरी, धापेवाड़ा, जागपुर, पायली, तिवडीखुर्द, लोहारा, कोसमी, नवेगांव एवं गोंगलई में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण नए मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। इसी प्रकार बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खुरपड़ी, नगपुरा, चिचगांव, डोकरबंदी, धरपीवाड़ा, खोंगाटोला, धपेरा, कनकी, निलजी, पिपरिया, नेवरगांव (व), पाथरी, बालाघाट में 11, भटेरा में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण नए मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। जबकि हीरापुर और कनकी में मतदान केंद्र का भवन जर्जर होने के कारण नए भवन में परिवर्तन करना है। विधानसभा क्षेत्र वारासिवनी में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण डोरली, वारासिवनी में 03, बनियाटोला, रेंगाझरी, मेंडकी, मंगेझरी, लावनी, नवेगांव में नए मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। जबकि बोटेझरी, गटापायली, देवगांव, मुरमाड़ी व वारासिवनी के 02 मतदान केंद्र के भवन जर्जर होने के कारण भवन परिवर्तन किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र कटंगी में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण गोरेघाट, कोयलारी, महकेपार में 02, आंजनबिहरी, धनकोसा, कटेदरा, परसवाड़ाघाट, नंदोरा, कटंगी, चिचगांव, लखनवाडा, नंदलेसरा, सेलवा में 02, सालेबर्डी, येरवाघाट, टुईयापार, कटोरी में नए मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। 02 किमी से अधिक दूरी होने के कारण झिरिया में नया मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। जीर्णशीर्ण भवन होने के कारण लिंगापौनार के मतदान केंद्र के भवन का परिवर्तन किया जाना है।




# उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के एनसीसी ग्रुप के कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 02 से 15 अगस्त तक चलाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता 6 एम.पी. इंडिपेंडेंस बटालियन बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के एनसीसी ग्रुप नंबर-242 और ग्रुप-78 के कैडेट्स ने 13 अगस्त को तिरंगा रैली निकाली । इस रैली में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी, सेकंड ऑफिसर कल्पना ठोंबरे, केयरटेकर तुषार सिंह धुर्वे और अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए । इसी कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत विद्यालय के वर्चुअल कक्ष में कैडेट्स को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित जानकारियां और तिरंगे झंडे के गौरव का इतिहास बताया गया । कार्यक्रम की संचालक एनसीसी ऑफिसर कल्पना ठोंबरे ने बताया कि यह दोनों ही कार्यक्रम हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत किए गए हैं, इससे कैडेट्स में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व उत्साह का संचार हुआ है।


**नाम सूधार सूचना**

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि मै राहुल कुमार बोरकर आयु 36 वर्ष पिता रामदास बोरकर निवासी ग्राम कंडरा पो.किन्ही तह. किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र.।

मै शपथकर्ता निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ -

यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का निवासी हूँ।

यह कि मेरे नाम से ड्रायविंग लायसेंस जारी किया गया है जिसका लायसेंस क्रमांक MP50N-2019-0022205 है।

यह कि मेरे उक्त ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम **"RAHUL BORKAR"** उल्लेखित हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो के आधार पर मेरा सही व पूर्ण नाम **"RAHUL KUMAR BORKAR"** है।

यह कि ऐसी स्थिति में मेरे उक्त ड्रायविंग लायसेंस में नाम सुधार किया जाकर आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही व पूर्ण नाम **"RAHUL KUMAR BORKAR"** दर्ज किया जाना उचित होगा।

यह कि मेरे द्वारा शपथपत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरी होगी।

**शपथकर्ता**
**राहुल कुमार बोरकर**
**ग्राम कंडरा पो.किन्ही तह. किरनापुर**
**जिला बालाघाट म.प्र.**

**स्थान परिवर्तन**

मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा

संपर्क नं- 9425138797


# चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से दिया गया देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हर घर तिरंगा, भारत छोड़ो आंदोलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 13 अगस्त को भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो बालाघाट द्वारा टैगोर मांटेसरी विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यक्रम निष्पादक आकाशवाणी केंद्र बालाघाट श्री धीरज कुमार, श्रीमति संध्या सिरसाठे संस्था प्रमुख, डॉ गोविंद कुमार सिरसाठे विभाग अध्यक्ष हिन्दी साहित्य, सचिन कृष्णन जिला खेल प्रशिक्षक युवक कल्याण विभाग, अजय बैस इकाई प्रभारी, राखी शिवहरे प्राचार्य टैगोर, शिक्षक समरा खान, राहुल पटले कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजलन के साथ किया गया। भारत छोड़ो आंदोलन, हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए धीरज कुमार ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से जनमानस अभियान के उद्देश्य को समझ रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन में हमारे वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के योगदान के कारण हमें आजादी मिली। हमें इस आंदोलन के बारे में जानना होगा। इकाई प्रभारी अजय बैस ने अभियान के उद्देश्य और चलाई जा रही जागरूकता गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि आजादी के वीर नायकों को हम याद कर रहे हैं। हर घर तिरंगा के माध्यम से आन बान और शान के प्रतीक तिरंगा झंडा के महत्व को हम समझ रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख श्रीमती संध्या शिरसठे, श्री सचिन कृष्णन, राहुल पटले ने भी अपने विचार रखें। जागरूकता गतिविधियों के साथ बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से हर घर तिरंगा और भारत छोड़ो आंदोलन को सामने रखा। जिसमें निर्णायक द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राहुल पटले द्वारा किया गया।



# 14 अगस्त को किसानो के खाते में आएगी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मंडला में बलराम जयंती पर प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे। इसमें बालाघाट जिले के 03 लाख 17 हजार 514 किसानो के खाते में 63 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि प्राप्?त होगी। इस योजना में इतनी अधिक राशि प्राप्त करने वाला बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस योजना में लाभान्वित होने वाले किसानो की संख्या के मामले में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। सागर जिला 02 लाख 90 हजार 971 किसानो के साथ द्वितीय स्थान पर और शिवपुरी जिला 02 लाख 74 हजार 176 किसानो के साथ तृतीय स्थान पर है। इस योजना से प्रदेश के 83 लाख किसान हितग्राही लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश ?त के रूप में बैहर तहसील के 18 हजार 728 किसानो को 03 करोड़ 74 लाख 56 हजार रुपये, किरनापुर तहसील के 38 हजार 234 किसानो को 07 करोड़ 64 लाख 68 हजार रुपये, खैरलांजी तहसील के 34 हजार 414 किसानो को 06 करोड़ 88 लाख 28 हजार रुपये, बिरसा तहसील के 27 हजार 674 किसानो को 05 करोड़ 53 लाख 48 हजार रुपये, बालाघाट तहसील के 21 हजार 226 किसानो को 04 करोड़ 24 लाख 52 हजार रुपये, लांजी तहसील के 38 हजार 239 किसानो को 07 करोड़ 64 लाख 78 हजार रुपये, लालबर्रा तहसील के 35 हजार 245 किसानो को 07 करोड़ 04 लाख 90 हजार रुपये, वारासिवनी तहसील के 33 हजार 81 किसानो को 06 करोड़ 61 लाख 62 हजार रुपये, तिरोड़ी तहसील के 19 हजार 372 किसानो को 03 करोड़ 87 लाख 44 हजार रुपये, लामता तहसील के 09 हजार 630 किसानो को 01 करोड़ 92 लाख 60 हजार रुपये, कटंगी तहसील के 20 हजार 842 किसानो को 04 करोड़ 16 लाख 84 हजार रुपये तथा परसवाड़ा तहसील के 20 हजार 829 किसानो को 04 करोड़ 16 लाख 58 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है। इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि 03 किश्तों में प्रदान की जाती है। यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अलावा है।


**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# पिता के नजरों के सामने डुबा पुत्र, तीन परिवार में छाया मातम्

## वैनगंगा नदी में लापता तीन युवकों के शव डांगोरली साकड़ी घाट से हुए बरामद

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बेनी स्थित वैनगंगा नदी के बेनी घाट में १२ अगस्त की शाम स्नान करने के दौरान तीन युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। मामले में पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ की टीम से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जिसमें कड़ी मशक्कत उपरांत बारी बारी से डांगोरली साकड़ी घाट से तीनों युवक अखिल बुरडे ,मोहित बुरड़े ,राकेश नन्दनवार के शव बरामद किये गये। मामले में पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।**






### बेनी निवासी अखिल बुरड़े के घर रक्षाबंधन मनाने आये थे रिश्तेदार

प्राप्त जानकारी के अनुसार भंडारा निवासी राकेश नंदनवार उम्र ३२ वर्ष रक्षा बंधन व कजलियाँ पर्व के त्यौहार मनाने के लिए अपने ससुराल ग्राम हट्टा परिवार के साथ आया हूआ था। ९ व १० अगस्त को त्यौहार मनाने के बाद ११ अगस्त को वह अपनी धर्मपत्नी और २ साल की बच्ची व साले मोहित बुरड़े के साथ ग्राम पंचायत बेनी में चमनलाल बुरड़े के परिवार में आया था। १२ अगस्त की शाम चमनलाल बुरड़े सुपुत्र अखिल बुरड़े ,मोहित बुरडे व राकेश नंदनवार ग्राम बनी से गुजरने वाली वैनगंगा नदी के बेनी घाट पर नहाने के लिए गए हुए थे। लेकिन चमनलाल बुरड़े को छोडकर तीनो ही युवक नहाने के लिए घाट में उतरे जब चमनलाल बुरड़े के द्वारा तीनो ही युवक को चलने के लिए आवाज लगाई गई तों कोई हलचल नही होने पर जब युवको हलचल नही हूई अखिल के पिता तीनो ही युवको के पास गए तो तीनो ही युवक काफी अंदर डुब गए। जिससे वहाँ तीनो को नही बचा पाए उन्होने तत्काल परिवार सहित घर में आए हुए रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद यह सूचना गांव में आग की तरफ फैल गई वैनगंगा नदी के बेनी घाट पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसकी सुचना पुलिस को मिलते ही तत्काल रामपायली पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को बताई गई। वहीं तत्काल मौके पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची जिसके द्वारा रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। जहां रात १२ बजे तक नदी में तलाश की गई परंतु कहीं कोई जानकारी नहीं मिल पाई इसके बाद बहुत ज्यादा अंधेरा होने पर रेस्क्यू कार्य रोक दिया गया। १३ अगस्त की सुबह ६ बजे से पुन: रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। जिसमें एसडीआरएफ की टीम नदी में जांच करते हुए मध्य प्रदेश महाराष्ट्र को जोड़ने वाले डांगोरली साकड़ी पुल तक पहुंचे । जहां पर सुबह करीब ११ बजे हट्टा निवासी मोहित बुरड़े का शव पुल के नीचे से बरामद हुआ। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम के द्वारा उक्त क्षेत्र के २ किलोमीटर के एरिया में संघन रेस्क्यू अभियान चलाकर पुल के आगे से दोपहर करीब १ बजे बेनी निवासी अखिल बुरड़े का शव बरामद किया गया । वहीं दोपहर करीब ३ बजे पुल के पहले से राकेश नंदनवार का शव बरामद किया। इस प्रकार एसडीआरएफ की टीम के द्वारा करीब १६ घंटे की कड़ी मशक्कत कर तीनों शव को बरामद किया गया। मामले में पुलिस के द्वारा बारी बारी से सभी शव की पहचान कर परिजनों की उपस्थिति में सभी शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली के शव विच्छेदन गृह में आवश्यक पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### मोहित बुरड़े और अखिल बुरड़े माता पिता के इकलौते पुत्र थे

प्राप्त जानकारी अनुसार मोहित बुरड़े व अखिल बुरडे अपने माता पिता के इकलौते सुपुत्र थे जो वर्तमान में पढ़ाई कर रहे थे। वहीं भंडारा निवासी राकेश नंदनवार होटल संचालक थे और उनके परिवार में तीन भाई थे। राकेश नंदनवार ने अपनी गरीब परिस्थिति से उठकर परिवार को संभाला लेकिन वे अपने पीछे दो भाई ,माता ,धर्मपत्नी और दो वर्ष की सुपुत्री को छोड़कर चले गए।

### इनका कहना है

घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। जिसमें काफी रात होने पर १२ बजे के बाद रेस्क्यू रोक कर सुबह ६ से दोपहर ४ बजे तक रेस्क्यू अभियान चला। जिसमें वैनगंगा नदी के बेनी घाट से लापता हुए तीनों युवकों के शव डांगोंरली साकड़ी पुल के पास से बरामद किए गए हैं मामले में कार्यवाही कर जांच प्रारंभ कर दी है।

**दिलीप मौर्य**
**थाना प्रभारी रामपायली**

# बलराम जयंती आज, महिलाएं संतान की दीर्घायु के लिए रखेंगी व्रत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़) । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में गुरूवार को हर छठ पर्व और भगवान श्री कृष्ण के बड़े भ्राता भगवान बलराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। हरछठ पर्व और बलराम जयंती पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे, जो देर शाम तक जारी रहेंगे।बताया गया कि हिंदू धर्म में हर छठ, का खासा महत्व है। यह भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर मनाई जाती है। इसे हलषष्ठ, हलछठ, ललही छठ के नाम से जाना जाता है। इस दिन बलराम जयंती भी मनाई जाती है। मान्यता है कि इस तिथि के समय भगवान कन्हैया के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। इस कारण इस दिन भगवान बलराम की पूजा का विधान है। हरछठ व्रत करने से संतान की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली आती है।



### बाजार हुए गुलजार ,महिलाओं ने खरीदी पूजन सामग्री

बात अगर हरछठ व्रत और बलराम जयंती की करें तो बालाघाट जिले में हरछठ व्रत और बलराम जयंती प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है और जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं। बालाघाट जिले में यह पर्व बड़ी ही आस्था, विश्वास और श्रद्धा के साथ व्रतधारी महिलाओं के घर में मनाया जाता है,जहां महिलाओं को पूजा के लिए आमंत्रित किया जाता है और पूजन उपरांत उन्हें बांस से बनी टोकरी में लाई, महुआ, चने और पूजन में चढ़ फलों का प्रसाद वितरित किया जाता है।इस विशेष पर्व की तैयारी को लेकर हरछठ व्रत से एक दिन पूर्व अर्थात बुधवार 13 अगस्त को बाजार में पूजन सामग्री खरीदने महिलायें बाजार पहुंची थी, जहां से पूजन सामग्री के अलावा पूजन में चढ़ने वाले फल और बांस से बनी छोटी टोकनियों की खरीददारी की।

# 300 मीटर बननी थी रोड, बनाई 290 मीटर, आठ माह से शेष हिस्से का काम अटका

## महीनों से परेशान हो रहे वार्ड वासी ,वार्ड क्रमांक 3 का मामला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़) । शहर के वार्ड क्रमांक 3 में सीसी रोड 300 मीटर की बनाई जानी थी। निर्माण एजेंसी द्वारा 10 मीटर की रोड को बनाने का छोड़कर काम बंद कर दिया गया । जिससे वार्डवासी इन दिनों बहुत अधिक नाराज है । वार्ड वासियों का कहना हैं कि 10 मीटर की रोडनगर पालिका द्वारा बनाने से छोड़ दी गई है। जिससे आज उन्हें आवागमन में बहुत अधिक परेशानी जा रही है । बरसात का पानी उनके घरों तक घुस रहा है। जबकि रोड बनाते समय बताया जा रहा था, कि रोड पुरी 300 मीटर तक बनाई जाएगी । जिसकी शिकायत वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने जनसुनवाई में कलेक्टर से भी की है। कलेक्टर श्री मीणा ने सीएमओ नगर पालिका को रोड को जल्द से जल्द पूरी बनाए जाने की भी बात कही हैं । लेकिन अभी तक उनके आदेश का भी नगरपालिका ने पालन नहीं किया है। आपको बता दे की वैसे तो तय एस्टीमेट अनुसार ही निर्माण कार्य कराए जाते हैं । लेकिन अधिकतर ग्रामीण और वार्ड वासियों की शिकायत मिलती है कि संबंधित एजेंसियों द्वारा एस्टीमेट अनुसार पूरा कार्य नहीं कराया गया है । जिस कारण उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही एक ताजा मामला शहर के वार्ड क्रमांक 3 में सामने आया है। यहां पर संबंधित निर्माण एजेंसी और ठेकेदार द्वारा तय एस्टीमेट अनुसार रोड का निर्माण नहीं कराया गया है। जिस कारण यहां के वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । वार्ड क्रमांक 3 में 300 मीटर सीसी रोड सीएम मानीट के तहत बनाई जानी थी । संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा महज 290 मीटर ही सीसी रोड का निर्माण किया गया है । बाकी 10 मीटर रोड का निर्माण रोक दिया गया है । जिसको लेकर वार्ड वासी अजहर खान और समीना बेगम बताती है कि जब वार्ड में पक्की सड़क का निर्माण हो रहा था , तब उनके घर के आगे तक पूरी 300 मीटर रोड बनाए जाने की बात कही जा रही थी । काम भी लगभग कुछ महीनो तक चला और उसके बाद काम बंद हो गया । जिसके बाद उन्होंने जानकारी ली तो उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा था कि रोड आगे तक बनाई जाएगी । आज 8 महीने बीत जाने के बाद भी 10 मीटर आगे तक रोड का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है । उन्होंने बताया कि आज बरसात का दिन होने के कारण उनके घर से आवागमन करने में परेशानी जाती है । अधिक बरसात होने पर पानी उनके घरों तक पहुंच जाता है । इसकी सूचना वार्ड पार्षद को भी कई बार दी है लेकिन पार्षद द्वारा भी इसको लेकर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। रोड आज भी 10 मीटर अधूरी ही है । वह चाहते हैं कि रोड को पूरी 300 मीटर तक बनाया जाए ताकि उन्हें आवागमन करने में परेशानी ना हो।



### इसकी शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर से की है - सोहेल खान

जब हमारे द्वारा वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सीएम मानीट के तहत उनके वार्ड में 300 मीटर सीसी रोड बनी थी । ठेकेदार और निर्माण एजेंसी नगर पालिका द्वारा महज 290 मीटर ही रोड को बनाकर छोड़ दिया गया है। जब उन्होंने संबंधित ठेकेदार से चर्चा की तो उन्होंने उन्हें पैसा नहीं होने की बात कह कर बात को खत्म कर दिया । जबकि उन्होंने इसकी शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भी की है । किंतु जब उनकी शिकायत पर कोई कार्य नहीं हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर से भी की है । कलेक्टर श्री मीणा ने जनसुनवाई के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जल्द से जल्द मार्ग पूरा करने की बात कही थी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कलेक्टर के निर्देशों को भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

# हम नहीं करेंगे बीएलओ का काम, विभाग करे किसी और का इंतेजाम

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन, मानदेय सहित अन्य मांगे पूरी किए जाने की लगाई गुहार, मांग पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिले की आंगनबाडियों में काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की वर्षों से लंबीत कई मांगे हैं।जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है। तो वही अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी कार्य के अलावा अन्य विभाग के कार्य भी कराए जा रहे हैं।जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं काफी नाराज हैं। तरह-तरह के कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कराने के बावजूद भी ऑनलाइन ऑफलाइन का कार्य भी विभाग द्वारा कराए जा रहे हैं। इसके अलावा अब उन्हें बीएलओ का कार्य भी दे दिया गया है। जिस पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले सौपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने बीएलओ के कार्य में होने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बीएलओ का कार्य न कराए जाने की मांग की है।तो वहीं उन्होंने मानदेय सहित वर्षों से लंबित उनकी विभिन्न सूत्रीय मांगों को यथाशीघ्र पूरी किए जाने की गुहार लगाई है।जहां उन्होंने जल्द से जल्द मांग पूरी न होने पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाने की भी चेतावनी दी है।



### इन मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले सौपे गए इस ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बीएलओ का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से न करने ,एफआरएस प्रणाली को तत्काल बंद किए जाने,आंगनबाड़ी का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे निश्चित करने, पिछले 1 वर्ष से नहीं मिली टीएचआर की राशि तत्काल देने, सुकन्या खाता खोलने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव न बनाए, बीमा का काम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से न करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एनआरसी बच्चों को भर्ती करने के लिए दबाव बनाकर मानदेय काटने की धमकी ना दिए जाने, एनआरसी में बच्चों का काम आशा को दिए जाने, एनआरसी में कमजोर बच्चों को ले जाने का काम आशा कार्यकर्ताओं को देने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 6 घंटे की जगह 8 घंटे काम ना लिए जाने सहित अन्य मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई।जिसमें उन्होंने खासतौर पर बीएलओ का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से न करने और मानदेय में बढ़ोतरी किए जाने के साथ-साथ वर्ष 2018 से मानदेय में कोई बढ़ोतरी न किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द सभी मांगे पूरी किए जाने की गुहार लगाई है।

### तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी- अंजली

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन जिला अध्यक्ष अंजली बिसेन ने बताया कि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से ढेर सारे काम लिए जा रहे हैं।बिना ऑनलाइन नॉलेज के ही ऑनलाइन ऑफलाइन कार्य के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नाम बीएलओ के कार्य करने के लिए भी डाल दिया गया है। हमें ऑनलाइन काम करने में बहुत अधिक परेशानियां होती हैं। हमारी कई कार्यकर्ताओं को एंड्रॉयड मोबाइल भी चलना नहीं आता। ऊपर से हमारा नाम बीएलओ के लिए डाल दिया गया है।हमारी मांग है कि यह कार्य हमसे न कराया जाए, इसके अलावा मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर आज हमने ज्ञापन सौपा है। यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती तो समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बालाघाट जिले में भी उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जायेगा। जिला मुख्यालय बालाघाट में मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड मे प्रात: 09 बजे से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और परेड की सलामी ली जायेगी। मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। 15 अगस्त को सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रात: 07 से 08 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया जायेगा। बालाघाट, वारासिवनी, बैहर, लांजी, कटंगी, परसवाड़ा एवं किरनापुर एसडीएम एवं सभी तहसीलदारों को इस संबंध में निर्देश दिये जा चुके है।

### प्लास्टिक के झंडे पर रोक

शासन द्वारा प्लास्टिक के झंडों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अत: जिले में कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक के झंडों का विक्रय या निर्माण करते पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। राष्टीय ध्वज केवल कपड़ें का ही और लंबाई व चौड़ाई के उचित अनुपात का ही उपयोग किया जा सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों को प्लास्टिक के झंडों का विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

### शासकीय भवनों पर की जायेगी रोशनी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त एवं उसकी पूर्व संध्या को शासकीय कार्यालयों एवं भवनों पर रोशनी की जायेगी। शासकीय भवनों में रोशनी की अच्छी व्यवस्था व साज-सज्जा के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरूस्कार भी दिया जायेगा।

### 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके कारण 14 अगस्त की रात्री 11.30 बजे से जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेश मदिरा दुकानों एवं भंडागार को बंद रखा जायेगा और मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।




# अध्यापक शिक्षक वर्ग के सभी संघ,संगठन सरकार से खफा, 18 को करेंगे प्रदर्शन- बिंझाड़े

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़) । राष्ट्रीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विगत 23 वर्षो से प्रदेश के अध्यापक शोषण और अन्याय के शिकार है। यदि प्रदेश सरकार हमारी जायज मांगे, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के आदेश शीघ्र जारी नही करती तो प्रदेश के समस्त संघ संगठन मिलकर अनिश्चित कालीन हड़ताल करने पर उतर आएंगे। दुसरी ओर प्रदेश के अध्यापक ई-अटेन्डेस अपमान जनक व्यवस्था से परेशान है। प्रदेश सरकार ने हड़ताल अवधि का वेतन आज पर्यन्त नहीं निकाला हैं। वर्ष 2018 से प्रदेश के अध्यापको का हक और अधिकार नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदेश सरकार ने छीन ली गई है। साथ साथ 2004 से पुरानी पेंशन भाजपा सरकार द्वारा बंद कर नई पेंशन शुरू किया है। इससे प्रदेश के अध्यापक शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी शोषण का शिकार हो रहे है। एनपीएस से कर्मचारी को मिलने वाली राशि सेवानिर्वत होने पर मात्र 2000 रुपये का पेंशन मिल रहा है। क्या 2 हजार पेंशन में परिवार का गुजारा हो सकता है।अपनी इन्हीं मांगो को लेकर 18 अगस्त से, प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर अध्यापक संघ संगठन द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

## बदलीनुमा मौसम एवं मिट्टी उपलब्ध नही होने से मूर्तिकारों को मूर्ति बनाने में हो रही परेशानी

### भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व 16 को, घर-घर विराजेंगे नंदलाला





**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा आगामी 16 अगस्त को भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी श्रध्दालुओं के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर मुख्यालय की पांढरवानी के लालबर्रा कुम्हारी मोहल्ले, अमोली के गड्डा मोहल्ला सहित क्षेत्र के अन्य मुर्तिकारों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक मूर्तियों को अंतिम रूप देने के साथ ही उसमें रंग रोगन कर उसे सुंदर व आकर्षक बना रहे है और यह मूर्तियां तैयार होकर 15 अगस्त से बाजार में बिकने भी आ जायेगी। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ प्रतिवर्ष मनाया जाता है। यही वजह है कि पर्व नजदीक आते ही लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है और मूर्तिकार भी समय कम होने के कारण मूर्ति को भव्य रूप देने के लिए दिन-रात काम में जुटे हुए हैं परन्तु महंगाई के कारण मूर्ति के दामों में भी इजाफा होने की बात कही जा रही है। साथ ही बार-बार मौसम परिवर्तन, बारिश के साथ ही बदलीनुमा मौसम होने एवं मिट्टी पास में नही मिलने से मूर्तिकारों को मूर्ति बनाने एवं सुखाने में परेशानी हो रही है और मौसम साफ होने के बाद धुप में या गैस से सुखाकर उसमें रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है, जो 14 अगस्त तक बनकर तैयार हो जायेगें। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर सभी हिन्दु धर्मलंबी खासा उत्साहित नजर आ रहे है और जिसकी तैयारी में जुट गये है।**

#### मिट्टी खदान उपलब्ध करवाये प्रशासन - गणेश

मूर्तिकार गणेश घाटे ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर तैयारियां जारी है और हमारे द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां तैयार करके उसमें रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है परंतु मौसम खराब होने के कारण गैस की सहायता से इन्हें सुखाना पड़ रहा है। श्री घाटे ने बताया कि हमारा यह पैतृक काम है जो बिना मिट्टी के संभव नहीं है परंतु शासन की ओर से हमें मिट्टी की खदान अब तक उपलब्ध नहीं करवाई गई जिसकी वजह से हमें महंगे दामों पर मिट्टी खरीदकर मूर्ति व अन्य मिट्टी के बर्तनों का निर्माण करना पड़ रहा है जिससे लागत अधिक लग रही है, इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि मिट्टी खदान उपलब्ध जल्द करवाये ताकि अपने पैतृक काम को सुचारू रूप से कर सके।

#### महंगे दामों में मिट्टी खरीदकर मूर्ति का कर रहे है निर्माण - दीपक

मूर्तिकार दीपक प्रजापति ने बताया कि 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और अपने घरों पर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां स्थापित करके पूजा अर्चना की जाती है और हमारे द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां बनाकर तैयार कर दी गई है। मूर्तियों को रंगाने का कार्य किया जा रहा है जो कि अंतिम चरण में है। श्री प्रजापति ने बताया कि मूर्तियां व बर्तन बनाकर उसे बेचने पर जो आय प्राप्त होता है जिससे पूरे परिवार का भरण-पोषण होता है परन्तु दिनों दिन महंगाई बढ़ते जा रही है और शासन के द्वारा हमें मिट्टी की खदान भी उपलब्ध नहीं करवाई गई जिसे हमें बाहर से महंगे दामों मिट्टी खरीदकर मूर्तियां व बर्तन बनाने पड़ रहे है जिससे हमें लागत अधिक लग रही है और लागत के अनुसार दाम नहीं मिल पा रहा है जिससे हम लोग परेशान है लेकिन पैतृक काम है इसलिए कर रहे है।

# महाविद्यालय में लाइब्रेरियन्स-डे एवं अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को "लाइब्रेरियन्स-डे" एवं अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. खण्डायत ने वर्तमान समय में पुस्तकालय की प्रासंगिता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि युवाओं को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए पुस्तकालय का उपयोग करना चाहिए। डॉ. संगीता मेश्राम ने अपने व्याख्यान में डिजिटल तकनीक से अध्ययन-अध्यापन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे ने विद्यार्थियों से कहा कि युवाओं की ताकत का उपयोग राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने के लिए होता है एवं इससे राष्ट्र की शक्ति मजबूत होती है। रेड रिबन प्रभारी नरेश सौलखे ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा शाक्ति राष्ट्र की रीढ़ होती है। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया और आभार प्रदर्शन श्रीमती संध्या भलावे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन बरवा, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. ऋषिकेष पटेल, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. कामाक्षा बिसेन, श्रीमती आरती विश्वकर्मा, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमति वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, प्रषिक हुमनेकर, निशांत तलवरे, कु. सोनम हरिनखेड़े एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# बघोली हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्काउट/गाइड दल को दिया गया प्रशिक्षण




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिवस स्काउट/गाइड दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारत स्काउट/गाइड के जिला काउंसलर एचपी देशमुख के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य एचसी मरावी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर स्काउट/गाइड के नवीन दल को उनके दायित्व एवं किस तरह से काम करना है उसके बारे में प्रशिक्षित किया गया। चर्चा में स्काउट गाइड मास्टर चंद्रिकाप्रसाद पटले ने बताया कि गत दिवस भारत स्काउट/गाइड के जिला काउंसलर एचपी देशमुख के द्वारा संस्था में उपस्थित होकर संचालित हो रहे स्काउट गाइड नवीन दल का निरीक्षण किया गया एवं स्काउट क्या है, इसका जीवन में क्या महत्व है उसकी उपयोगिता सहित विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया कि स्काउट/गाइड में होने वाली आवश्यक गतिविधियों के बारे में भी बताया गया। जिसके बाद स्कूल मैदान में स्काउट/गाइड दल को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया और स्काउट/ गाइड के माध्यम से विभिन्न सामाजिक काम करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्य एचसी मरावी ने कहा कि सभी बच्चों को स्काउटिंग के क्षेत्र में पूर्ण ईमानदारी व अनुशासित रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया एवं श्री देशमुख का आभार जताया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सांदीपनी स्कूल में सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में 13 अगस्त को सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह संगोष्ठी कार्यक्रम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी वायआर गजभिये, स्कूल प्रभारी प्राचार्य सनत दुबे, बीआरसी श्रीराम तुरकर, टेंगनीखुर्द प्राचार्य जागेश्वर अजीत, श्रीमती निशालता हरिनखेड़े की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर लालबर्रा विकासखण्ड की विभिन्न स्कूलों से आये शिक्षकों ने सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर आयोजित संगोष्ठी में अपने-अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि 2020 की शिक्षा नीति 1986 की शिक्षा नीति से बहुत लाभकारी है क्योंकि चार वर्ष की आयु में ब%चा प्री प्रायमरी में प्रवेश लेकर सही उम्र मे अपनी पड़ाई शुरू करता है। साथ ही बुनियादी संख्या ज्ञान व अक्षर ज्ञान हासिल कर स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई की कुशलता के साथ करता है और अपने पसंद के विषय लेकर जीवन उपयोगी कौशल प्राप्त कर अपने विद्वता के आधार पर अपनी जीवन की गाड़ी पर सवार होता एवं डिप्लोमा व डिग्री साथ-साथ अर्जित करने में स्वतंत्र होता है। साथ ही यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न हो और वे सुलभ, समग्र व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हासिल सके, इस संगोष्ठी का उद्देश्य है बताया। इस तरह से सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विषय पर आयोजित संगोष्ठी में सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा प्रथम, वहीं माध्यमिक स्कूल में शिक्षक हरिप्रसाद देशमुख एकीकृत शासकीय माध्यमिक स्कूल लोहारा ने पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान तो महिला वर्ग में श्रीमती त्रिवेणी बिसेन ने प्राप्त किया है। जिन्हे उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। वहीं जिला स्तरीय सुलभ, समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा चयनित हुई है जो आगामी 18 अगस्त को बालाघाट में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में विकासखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कटंगझरी में दही हांडी मटकी फोड़ एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिता 17 का

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कटंगझरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री सिध्दी विनायक नवयुवक समिति के तत्वाधान में आगामी 17 अगस्त को दही हांडी मटकी फोड़ एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चर्चा में श्री सिध्दी विनायक नवयुवक समिति कटंगझरी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम कटंगझरी में 17 अगस्त को शाम 6 बजे से दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता प्रारंभ होगी, जिसकी विजेता टीम को 5001 रूपये पुरस्कार दिया जायेगा एवं रात 8.30 बजे से ग्रुप डांस प्रतियोगिता शुरू होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये रखा गया है। साथ ही यह भी बताया कि कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) करवाने की अंतिम तारीख 16 अगस्त है इसलिए जो भी डांस ग्रुप इस प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते है वे समयावधि पर अपना पंजीयन करवा लेवें। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील श्री सिध्दी विनायक नवयुवक समिति कटंगझरी के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

# पनबिहरी से निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली, हर घर तिरंगा फहराने का किया गया आव्हान





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित शिव मंदिर से भाजपा मंडल लालबर्रा के द्वारा हर घर तिरंगा एवं स्व%छता अभियान के तहत 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। यह रैली म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर, जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, तिरंगा यात्रा संयोजक, पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया के प्रमुख आतिथ्य में डीजे की धुन पर पनबिहरी से प्रारंभ हुई। इस दौरान सभी भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं सांदीपनी स्कूल के छात्र-छात्राएं हाथ में तिरंगे झंडा लेकर नारे लगाते हुए लालबर्रा बस स्टैण्ड का भ्रमण करते हुए पुनः पनबिहरी स्थित शिव मंदिर पहुंचे जहां तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया गया। इस तिरंगा यात्रा रैली के माध्यम से नगरवासियों को अपने-अपने घरों मे तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। साथ ही अपने आसपास स्व%छता बनाये रखने की अपील भी की गई। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश स्वतंत्र हुआ था, जिसके बाद से हम स्वतंत्र होकर अपने देश में खुली सांस ले रहे है। सभी लोगों को इस महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए एवं लोगों में देशभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार को लालबर्रा के पनबिहरी से विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जो नगर मुख्यालय का भ्रमण कर लोगों को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने का आव्हान किया गया है। इसलिए सभी क्षेत्रवासी 15 अगस्त को तिरंगा फहराकर राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाये। इस अवसर पर एसडीएम श्री जायसवाल, सीईओं चंदरसिंह मंडलोई, बीआरसी श्रीराम तुरकर सहित भाजपा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं स्कूल के ब%चें बड़ी

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा बाईक रैली



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत खमरिया से खमरिया भाजपा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा बाईक रैली भाजपा मंडल खमरिया के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति नारे लगाते हुए क्षेत्रीयजनों को हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। चर्चा में भाजपा मंडल खमरिया पूर्व अध्यक्ष कन्हैया चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणा से प्रारंभ हुआ घर-घर तिरंगा नारा तीन वर्षों में राष्ट्रभक्ति का महाभियान बन चुका है और हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को खमरिया भाजपा मंडल से तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकाली गई। यह रैली विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की है ताकि लोग देशभक्ति के प्रति जाग्रत हो सके। इस अवसर पर म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया चौहान सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बम्हनी में मनाई जायेगी भगवान बलराम की जयंती आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बम्हनी निवासी बसंत शर्मा के निवास स्थान में किसान गर्जना संगठन लालबर्रा के द्वारा 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे भगवान बलराम की जयंती मनाई जायेगी। तत्संबंध में जानकारी देते हुए किसान गर्जना संगठन ब्लाक अध्यक्ष रामचंद्र सिहोरे ने बताया कि बम्हनी में 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे भगवान बलराम की जयंती मनाई जायेगी। साथ ही संगठन के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय किसानों एवं संगठन के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किसान गर्जना संगठन लालबर्रा अध्यक्ष रामचंद्र सिहोरे ने की है।

# सांदीपनी स्कूल हत्याकांड का खैरलांजी पुलिस ने किया खुलासा

## हत्याकांड का मुख्य आरोपी नीलेश चौड़े एवं ३ सह आरोपी गिरफ्तार

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। खैरलाँजी पुलिस ने १३ अगस्त को सांदीपनि विद्यालय में घायल हुए राजेंद्र रहाँगडाले की मौत के मामले में पर्दाफाश करते हुए हत्या एवं साक्ष्य नष्ट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। इसमें बताया जा रहा है कि काम नही करने को लेकर सहकर्मी से विवाद में नीलेश चौड़े ने फावड़े से हत्या की थी। इस घटना को छुपाने और साक्ष्य मिटाने में सुपरवाइजर व दो कर्मचारियों के द्वारा सहयोग किया गया था।**



### यह हैं मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार ८ अगस्त की रात्रि लगभग ८.३० बजे संदीपनी स्कूल खैरलांजी में घायल राजेन्द्र उर्फ राजू राहंगडाले को गंभीर रूप से घायल एवं बेहोश अवस्था में प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी खैरलांजी में लाया गया था। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार कर उसे तत्काल जिला अस्पताल बालाघाट रिफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी अस्पताल तहरीर के माध्यम से थाना खैरलाँजी को दी गई। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान राजेंद्र रहाँगडाले की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी ,थाना प्रभारी खैरलांजी रामसिंह पटेल एवं फ रॅरेंसिक अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना के संबंध में संदेह होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी देकर पूछताछ प्रारंभ की गई।

### इस प्रकार की गई थी हत्या

घटना में हत्या की संभावना को देखते हुए खैरलांजी पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूछताछ प्रारंभ की गई। जिसमें सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि राजू और आरोपी नीलेश दोनों साथ में टाइल्स लगाने का कार्य करते थे। घटना के दिन कार्य नही करने को लेकर आपसी कहासुनी और गाली गलौज हुई। विवाद बढ़ने पर आरोपी नीलेश ने राजेंद्र पर लोहे के फावड़े से कई वार कर दिये। जिससे गंभीर चोटें आईं वह बेहोश हो गया इसी चोट से उसकी मौत हो गई। घटना को छिपाने की नीयत से प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में आरोपी नीलेश द्वारा राजू की मौत गिरने से बताया और फ ावडे को दूसरी मंजिल में छिपा दिया था। इसमें घटना के बाद संदीपनी स्कूल के सुपरवाइजर रूपेश भालेकर ने घटना को छुपाने की नीयत से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों नरेन्द्र उर्फ चंटी टेंभरे और विनोद उर्फ गोलू टेंभरे के साथ मिलकर पहले कमरे में पड़े खून को कपडे से साफ किया। इसके बाद खून से सने कपड़े और बर्तन को डीजल और पेट्रोल डालकर जला दिया। बाद में कमरे में खून की गंध को खत्म करने के लिए फर्श पर डीजल पेट्रोल डालकर आग लगाकर साक्ष्य नष्ट किया गया।

### इन धाराओं में गिरफ्तार हुए आरोपी

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरलांजी रामसिंह पटेल की गठित टीम ने मुख्य फरार आरोपी नीलेश पिता बलिराम चौड़े उम्र ४४ वर्ष निवासी वार्ड नं. ५ ग्राम बिरसोला थाना लालबर्रा को ग्राम देवरी थाना लालबर्रा से गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावडा स्कूल की दूसरी मंजिल से बरामद किया गया है। वहीं रूपेश पिता इन्द्रकुमार भालेकर उम्र ३४ वर्ष निवासी मोहगांव बरघाट जिला सिवनी ,विनोद उर्फ गोलू पिता भागचंद टेंमरे उम्र ३२ वर्ष निवासी मोवाड़ बरघाट जिला सिवनी ,नरेंद्र उर्फ चटी पिता रूपचंद टेंभरे उम्र २८ वर्ष निवासी थाना बरघाट जिला सिवनी को अपराध क्रमांक २२७/२०२५ भारतीय न्याय संहिता की धारा १०३.१,२३८ के तहत पंजीबद्ध प्रकरण में गिरफ्तार किया गया वहीं मामले में विवेचना जारी हैं।

### चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है- अभिषेक चौधरी

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि ८ अगस्त की शाम खैरलांजी अस्पताल से तहरीर मिली थी राजेंद्र उर्फराजू रहाँगडाले के सर पर चोट आई है। जिसे बालाघाट जिला चिकित्सालय रिफर किया गया था। १० अगस्त को मौत हो गई थी मार्ग जांच में संदेह होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर उनके मार्गदर्शन में जांच की गई। जिसमें पता चला कि राजू रहाँगडाले सांदीपनि विद्यालय में टाइल्स लगाने का काम करता था। उसका विवाद उसके साथी निलेश चौड़े से हुआ था जिसने फावड़े से मारकर उसकी हत्या कर दी। जिसमें सुपरवाइजर रूपेश भालेकर ,नरेंद्र, विनोद के द्वारा मिलकर साक्षी छुपाने का कार्य किया गया। इस मामले में अपराध तो दर्ज किया गया था। उसमें चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# वारासिवनी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बाइक रैली का आयोजन आज

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। भारत की आजादी के ७८ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत वारासिवनी में एक विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस कडी में जिले से प्राप्त निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा आयोजित इस रैली का नेतृत्व वारासिवनी खैरलांजी तिरंगा यात्रा के प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के द्वारा किया जायेगा। यह रैली १४ अगस्त २०२५ की शाम ४ बजे भाजपा कार्यालय वारासिवनी से शुरू होगी। इस रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा फ हराने और इस राष्ट्रीय पर्व में पूरे जोश और सम्मान के साथ शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि इस बाइक रैली में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृ शक्ति और बडी संख्या में युवा भाग लेंगे। उन्होंने सभी देशप्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से इस रैली में शामिल होकर देश के प्रति अपनी एकता और सम्मान दिखाने का आग्रह किया है। इस बाइक रैली से तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय गौरव की भावना और भी मजबूत होगा।



# हर घर तिरंगा के संदेश से गूंजा रामपायली



रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक ग्राम में तिरंगा रैली निकाली जा रही है। इस परिप्रेक्ष्य में बुधवार को रामपायली के श्रीराम के मंदिर प्रांगण से एक विशाल तिरंगा रैली निकल गई। राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत नारों के गुंज के साथ यह रैली समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं की विशेष उपस्थिति में मुख्य मार्गो से निकालकर बस स्टैंड पहुंची। जहां से वापस श्रीराम मंदिर प्रांगण में पहुंचकर देश प्रेम का संदेश देते हुए हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव इस रैली के माध्यम से नगर और क्षेत्र में संदेश दिया गया। अमर शहीदों के नारों की गूंज से गूंजा नगर और राष्ट्रभक्ति के इस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाने की शपथ ली गई।

# चुनाव आयोग का राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच ने किया पुतला दहन

## आंदोलन कर रहे विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी को बताया सरकार की तानाशाही







वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के जय स्तंभ चौक पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के तत्वाधान में १३ अगस्त की दोपहर ४ बजे कांग्रेसियों के द्वारा चुनाव आयोग का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच कार्यालय में समस्त कांग्रेसी एकत्रित हुए। जहां से रैली निकाली गई जो कटंगी रोड़ से नेहरू चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची। इस दौरान सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जाती रही तो वहीं जय स्तंभ चौक पर चुनाव आयोग के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान मौके पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा जिसके द्वारा चुनाव आयोग के पुतले को छुड़ाने का प्रयास किया गया। परंतु वह संभव नही होने पर फायर ब्रिगेड से पानी चला कर पुतले में लगाई गई आग को शांत किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों के द्वारा पुतले का पानी से बचाव कर उसका दहन किया गया और जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

### यह राजनीतिक विरोध नहीं आम जनता की लड़ाई है-भोजेश पटले

ब्लॉक अध्यक्ष भोजेश पटेल ने बताया कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से देश को नापा समस्या सुनी। इसमें चुनाव आयोग बीजेपी के साथ में चुनाव में मिली भगत कर मतदान के आंकड़े बदलती हैं। उसमें धांधली को राहुल गांधी ने पकड़ा की एक मकान में २०० वोटर है। इसी को लेकर विपक्ष के ३०० सांसद चुनाव आयोग के पास जा रहे थे तो इन्हें रोक कर जेल में डाल दिया गया। आयोग ने पोर्टल से डाटा भी हटा दिया इसी के विरोध में हमारा यह सांकेतिक प्रदर्शन था। केंद्र सरकार और चुनाव आयोग यदि नहीं मानता है तो आगे बड़ा आंदोलन होगा यह राजनीतिक विरोध नहीं आम जनता की लड़ाई है।

### मोदी सरकार ने तानाशाही करते हुए आंदोलन को बल पूर्वक दबाने का प्रयास किया-जावेद अली

जिला अध्यक्ष जावेद अली ने बताया कि भारत देश में सरकार जनता के वोटो से चुनी जाती है। अभी हाल ही में महाराष्ट्र ,मध्य प्रदेश और हरियाणा में चुनाव हुए थे जिसमें जनता के वोटो की चोरी की गई। राहुल गांधी ने इस पूरे प्रकरण का खुलासा किया और वह आंदोलन कर रहे थे तो मोदी सरकार ने तानाशाही करते हुए उस आंदोलन को बलपूर्वक दबाने का काम किया और जेल में तक डाल दिया। इसी के विरोध में राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के तहत यह चुनाव आयोग का पुतला दहन किया गया है और मांग करते हैं कि ईवीएम की जगह मतपत्र से चुनाव हो।

### प्रजातंत्र को समाप्त करने का जो षड्यंत्र हो रहा है उसका विरोध किया है-स्वप्निल डोंगरे

अधिवक्ता स्वप्निल डोंगरे ने बताया कि डॉक्टर बीआर आंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया जिसमें मतदान का अधिकार दिया। एक व्यक्ति को एक मत का अधिकार दिया उसके साथ यह खिलवाड़ कर रहे हैं। चुनाव आयोग के साथ मिलकर यह किया जा रहा है विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूरा कच्चा चिट्ठा देश के सामने लाया है। यह जो विरोध है वह सरकार या इलेक्शन कमीशन या मोदी का नहीं है। इस प्रकार से जो प्रजातंत्र को समाप्त करने का षड्यंत्र हो रहा है उसका विरोध है।

# तिरंगा रैली निकालने का उद्वेश्य आजादी मिलने के बाद अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार बने रहे- प्रदीप जायसवाल

## रामपायली व खैरलांजी मंडल ने हर घर तिंरगा अभियान में निकाली रैली

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल की अगुवाई में खैरलांजी व रामपायली मंडल में तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें ग्राम व सभी वार्डो का भ्रमण कर देश को एकता के सुत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करते हुये इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। तिरंगा रैली को संबोधित करते हुये पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की देश के लिये सब कुछ न्योछावर करने वाले अमर शहीदो को हम सबसे पहले याद करते हुये नमन करते है। आज देश से लेकर मंडल स्तर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकालने का उद्वेश्य है की हम आजादी मिलने के बाद अपने कर्तव्यो के प्रति भी ईमानदार बने रहे। आजादी मिली यह हमारा अधिकार है किंतू जिस तरह आजादी दिलाने वालो ने अपने कर्तव्यो का भी परिचय कराया है। उसी तरह हमे भी देश के प्रति अपने कर्तव्यो का ईमानदारी से परिचय कराकर लापरवाही को दूर करना है। हमारे प्रधानमंत्री की सोच भी इस रैली को लेकर यही है की हम अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होकर उसे अपने कार्यो में अवश्य प्रकट करें। आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह मेहनत करके इस रैली को सफ ल बनाया है। उसके लिये भी वे आभार प्रकट करते है। रामपायली मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिको के साथ श्रीराम मंदिर से रैली निकालकर श्रीराम स्कूल, चंद्रशेखर आजाद चौक, बस स्टेंड होते हुये पुन: श्रीराम मंदिर में रैली का समापन किया। जंहा रैली की प्रभारी पूर्व जं.प.अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा निरंजन बिसेन, पूर्व सरपंच श्रीमती वीणा शुक्ला ने पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर की सफ लता के लिये केन्द्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं खैरलांजी मंडल में नवेंगाव ख से मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला के साथ शुरू हुयी तिरंगा रैली खैरी ग्राम पहुंची। जंहा रानी अंवतिबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके सभी ने देशभक्ति के जयघोष के भी नारे लगाये। पश्चात यह बाईक रैली अनेक ग्रामों का भ्रमण करते हुये हर घर तिरंगा का संदेश देते हुये नजर आयी। रैली में पूर्व जं.प. अध्यक्ष किशोर अमूले, चिंतामन नगपुरे, सचिन बिसेन, गीता हनवत, मेघा बिसेन,कबीर हनवत, किशोर बिसेन, हरेश भगत, जानाजी गौतम, रूपेन्द्र सोनवाने,सुरेश पटले,चैनसिंह बैस, मुन्नू दूबे, उमाशंकर राणा, श्रीमती पुष्पा अमूले, दिक्षा तुरकर, पूजा मेश्राम ,नरेन्द्र शूक्ला, सुनिता बहेटवार, थानसिंह बहेटवार,श्रीमती किर्ती अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल,मनकलाल कटरे,सागरता बाई कटरे ,योगेश सोनटके ,दिनेश डोहरे,श्रीमती सुशीला रिनायत, विनोद लिल्हारे, दिनेश दमाहे, आलोक खरे, राजू गोयल,पलाश बिसेन,योगेश अग्रवाल,अखिलेश मिश्रा, नरेन्द्र साहू,महेश लिल्हारे, रामप्रसाद तितरमारे ,डेविस दमाहे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

## राज्य कर्मचारी संघ ने १३ सूत्रीय मांग पत्र पर बीईओ से चर्चा की

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। बुधवार को विकास खंड शिक्षा अधिकारी के कक्ष में आयोजित परामर्श दात्रि समिति की बैठक आयोजित की गई । मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने १३ सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत कर विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से क्रमोन्नत वेतन मान,एरियर्स का भुगतान,गोपनीय चरित्रावली को समय सीमा में लिखना, स्थानांतरित कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान, मंहगाई भत्ते के एरियर्स का भुगतान, प्रत्येक संकुल के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी या शिक्षक की सेवा पुस्तिका,सामान्य भविष्य निधि पुस्तिका का नियमित वार्षिक संधारण एवं सत्यापन कर संबंधित कर्मचारी के हस्ताक्षर लेना, एक बार वेतन निर्धारण हो जाने के बाद पुन: वेतन कटौती पर न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन पर ध्यानाकर्षण, सेवा निवृत्त कर्मचारी की सेवा निवृत्ति तिथि पर पेंशन प्रदाय आदेश जारी करने, कर्मचारियों को अर्जित अवकाश पर नगदीकरण राशि का भुगतान, प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस,स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कर्मचारी अधिकारी को सम्मानित करना, कर्मचारियों शिक्षकों का परिचय पत्र निर्माण एवं रक्त समूह का उल्लेख के साथ ही बालाघाट ,सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले के कर्मचारियों शिक्षकों को नागपुर महाराष्ट्र एवं रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकृत चिकित्सालयों में गंभीर बीमारियों के इलाज के शासन द्वारा भुगतान की सुविधा प्रदान करने आदि अनेकों ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री बनोटे ने सभी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि अगली बैठक के पूर्व कम से कम ९० प्रतिशत समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।



# डेनिश भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ -हैंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड

हैंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड का जन्म 14 अगस्त, 1777, रुडकोबिंग, डेनमार्क में हुआ था-एक डेनिश भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ थे जिन्होंने यह खोज की थी कि तार में प्रवाहित विद्युत धारा, चुम्बकीय दिशासूचक सुई को विक्षेपित कर सकती है। इस घटना का महत्व शीघ्र ही पहचाना गया और जिसने विद्युत चुम्बकीय सिद्धांत के विकास को प्रेरित किया।1806 में ओर्स्टेड कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, जहाँ उनका पहला भौतिक अनुसंधान विद्युत धाराओं और ध्वनिकी पर केंद्रित था। अप्रैल 1820 में एक शाम के व्याख्यान के दौरान, ओर्स्टेड ने पाया कि एक चुंबकीय सुई धारावाही तार के लंबवत संरेखित होती है, जो विद्युत और चुंबकत्व के बीच संबंध का एक स्पष्ट प्रायोगिक प्रमाण है।ऑर्स्टेड द्वारा काली मिर्च के तीखे घटकों में से एक, पिपेरिन की खोज (1820) रसायन विज्ञान में एक महत्वपूर्ण योगदान थी, जैसा कि 1825 में धात्विक एल्युमिनियम के निर्माण में था। 1824 में उन्होंने आम जनता के बीच वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार के लिए समर्पित एक संस्था की स्थापना की। 1908 से यह संस्था डेनिश भौतिक वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए ऑर्स्टेड पदक प्रदान करती रही है। 1930 के दशक के आरंभ में सेंटीमीटर-ग्राम-सेकंड प्रणाली में चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता की भौतिक इकाई के लिए ऑर्स्टेड नाम अपनाया गया था।विद्युत और चुंबकत्व को लंबे समय से अलग-अलग बल माना जाता रहा है। 19वीं शताब्दी तक उन्हें अंततः परस्पर संबंधित परिघटनाओं के रूप में नहीं देखा गया। 1905 में अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के विशेष सिद्धांत ने बिना किसी संदेह के स्थापित कर दिया कि दोनों एक ही परिघटना के पहलू हैं। हालाँकि, व्यावहारिक स्तर पर, विद्युत और चुंबकीय बल बिल्कुल अलग-अलग व्यवहार करते हैं और इन्हें अलग-अलग समीकरणों द्वारा वर्णित किया जाता है। विद्युत बल, स्थिर या गतिमान विद्युत आवेशों द्वारा उत्पन्न होते हैं। दूसरी ओर, चुंबकीय बल केवल गतिमान आवेशों द्वारा उत्पन्न होते हैं और केवल गतिमान आवेशों पर ही कार्य करते हैं।विद्युत और चुंबकीय बलों का पता विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र नामक क्षेत्रों में लगाया जा सकता है। ये क्षेत्र प्रकृति में मौलिक होते हैं और उन्हें उत्पन्न करने वाले आवेश या धारा से दूर अंतरिक्ष में मौजूद हो सकते हैं। उल्लेखनीय रूप से, विद्युत क्षेत्र चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न कर सकते हैं और इसके विपरीत, किसी भी बाह्य आवेश से स्वतंत्र। एक परिवर्तनशील चुंबकीय क्षेत्र विद्युत उत्पन्न करता है क्षेत्र, जैसा कि अंग्रेज़ भौतिक विज्ञानी माइकल फैराडे ने विद्युत ऊर्जा उत्पादन का आधार बनने वाले अपने कार्य में खोजा था। इसके विपरीत, एक परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करता है, जैसा कि स्कॉटिश भौतिक विज्ञानी जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने निष्कर्ष निकाला था। मैक्सवेल द्वारा प्रतिपादित गणितीय समीकरणों ने प्रकाश और तरंग परिघटनाओं को विद्युत चुंबकत्व में समाहित कर लिया। उन्होंने दर्शाया कि विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र अंतरिक्ष में विद्युत चुम्बकीय विकिरण की तरंगों के रूप में एक साथ गति करते हैं, और ये परिवर्तनशील क्षेत्र एक-दूसरे को परस्पर पोषित करते हैं। पदार्थ से स्वतंत्र रूप से अंतरिक्ष में गति करने वाली विद्युत चुम्बकीय तरंगों के उदाहरण हैं रेडियो और टेलीविजन तरंगें, माइक्रोवेव, अवरक्त किरणें, दृश्य प्रकाश, पराबैंगनी प्रकाश, एक्स-रे और गामा किरणें है । ये सभी तरंगें समान गति से गति करती हैं—अर्थात, प्रकाश का वेग (लगभग 300,000 किलोमीटर, या 186,000 मील, प्रति सेकंड) है । ये तरंगें केवल उस आवृत्ति में एक-दूसरे से भिन्न होती हैं जिस पर उनके विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र दोलन करते हैं।मैक्सवेल के समीकरण अभी भी विद्युत चुंबकत्व का एक पूर्ण और सुंदर विवरण प्रदान करते हैं, उप-परमाण्विक पैमाने तक, लेकिन उसे छोड़कर। हालाँकि, 20वीं सदी में उनके कार्य की व्याख्या का दायरा व्यापक हुआ।

# राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो वह निज हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देगा

वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फ़ीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत,जहां दुनिया की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, विजन 2047, विज़न 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि नवाचार नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करने की तात्कालिक ख़ास ज़रूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक,सामाजिक,राजनैतिक,अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा। साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों,शिक्षकों,बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओंमें जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है। साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो, भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्व स्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है,यह एक जनसांख्यिकीय लाभांश बना सकता है।संयुक्तराष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यत: जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से वह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा। देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। युवाओं को हमरे पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए संस्कृति को समझना होगा। युवा संगठन से ऑनलाइन जुड़कर भी देश को मजबूती दे सकते हैं।राष्ट्र से बड़ा कोई संगठन नहीं है और राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं हो सकती। इसलिए आज नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम बच्चों, युवाओं में राष्ट्रहित राष्ट्रवाद को गहराई से समझाने की करें तो, प्रत्येक नागरिक के लिए अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शन करना अनिवार्य है क्योंकि हमारा देश अर्थात हमारी जन्मभूमि हमारी मां ही तो होती है। जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है तथा अनेक कष्टों को सहते हुए भी अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी पीछे नहीं हटती है उसी प्रकार अपने सीने पर हल चलवाकर हमारे राष्ट्र की भूमि हमारे लिए अनाज उत्पन्न करती है, उस अनाज से हमारा पोषण होता है। साथियों बात अगर हम दिनांक 14 अगस्त 2022 को भारत की माननीय राष्ट्रपति द्वारा 76 वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर अपने पहले राष्ट्र के नाम संदेश की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। कन्नड़ा भाषा के माध्यम से भारतीय साहित्य को समृद्ध करने वाले महान राष्ट्रवादी कवि 'कुवेम्पु' ने कहा हैन्नानु अलिवे, नीनु अलिवेनम्मा एलु-बुगल मेलेमूडु-वुदु मूडु-वुदुनवभारत-द लीले।अर्थात'मैं नहीं रहूंगा, न रहोगे तुम,परन्तु हमारी अस्थियों पर, उदित होगी, उदित होगी,नये भारत की महागाथा।?उस राष्ट्रवादी कवि का यह स्पष्ट आह्वान है कि मातृ-भूमि तथा देशवासियों के उत्थान के लिए सर्वस्व बलिदान करना हमारा आदर्श होना चाहिए। इन आदर्शों को अपनाने के लिए मैं अपने देश के युवाओं से विशेष अनुरोध करती हूं। वे युवा ही 2047 के भारत का निर्माण करेंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना। अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है। आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में कई राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और संगठन के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे, कम्युनिस्ट भी थे, जेएनयू से जुड़े कितने ही लोग थे जिन्होंने एक साथ आकर इमरजेंसी के खिलाफ संघर्ष किया था। इस लड़ाई में किसी को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना पड़ा था। पर सब सबसे ऊपर राष्ट्रहित का उद्देश्य था। इसलिए साथियों जब राष्ट्र की एकता, अखंडता का प्रश्न हो तो एक साथ आना चाहिए। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रीय सेवा सर्वोपरि होगा तो राष्ट्र सुरक्षित होगा।युवाओं में राष्ट्रहित के जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनका उत्साहवर्धन करना सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है। युवाओं में वैचारिक परिपक्वता परिलक्षित करने अभिभावकों, शिक्षकों द्वारा उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को रेखांकित कर मार्गदर्शन करना समय की मांग है।

**-कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी)(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दर्शाता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है। भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सस्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है-सरकार, नीति-निर्माताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत स्तंभ हैं। लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन- इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का



अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है। निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। इन विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक स्थितियों के बीच मोहन भागवत का यह संदेश न केवल आर्थिक सुधार का आह्वान है, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का भी। शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार से मुक्त करना सिर्फ भावनात्मक या नैतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्थिरता और समानता का प्रश्न है। जब गरीब को इलाज न मिले, और होनहार छात्र को शिक्षा से वंचित रहना पड़े, तब असमानता, असंतोष और सामाजिक अशांति बढ़ती है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत, विकसित भारत, विश्वासभरा भारत का नारा कोरा दिखावा ही प्रतीत होता है। नये भारत में जब आम जनता से करो के रूप में भारी भरकम रकम वसूली जा रही है, जो उस रकम को जनकल्याण एवं जनसेवा में खर्च किया जाना चाहिए। आजादी के बाद से सरकार पर शिक्षा एवं चिकित्सा की ही जिम्मेदारी डाली गयी थी, जिसको सरकारों ने बड़ी चतुराई से धीरे-धीरे नि:शुल्क की बजाय सशुल्क करने की कारगरी दिखाई है, जो जनता के विश्वास को आहत करने वाली है। इसलिये भागवत का यह बयान सरकार के लिए आंख खोलने वाला होना चाहिए। नीति-स्तर पर ऐसे कदम जरूरी हैं जिनसे-सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च गुणवत्ता के साथ सशक्त एवं जनसुलभ किया जाए। निजी क्षेत्र में फीस और इलाज की दरों पर प्रभावी नियंत्रण हो। सेवा-भाव को बढ़ाने के लिए कर-छूट और प्रोत्साहन मिलें, जबकि मुनाफाखोरी पर कठोर दंड लागू हो। स्वास्थ्य और शिक्षा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू किया जाए, इन दोनों क्षेत्रों से धन कमाने की प्रवृत्तियों को अपराध माना चाहिए। यह भी तय किया जाये कि इन दोनों क्षेत्रों में सेवा एवं मिशन भावना से आने वालों को ही मान्य किया जाये, धन कमाने वालों के लिये इन दोनों क्षेत्रों के दरवाजे बन्द हो। शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच और दर्शन में शिक्षा और चिकित्सा हमेशा सेवा और संस्कार के मूल्यों से जुड़ी रही है। संघ मानता है कि राष्ट्र निर्माण का असली आधार स्वस्थ और शिक्षित नागरिक हैं, और इन दोनों आवश्यकताओं को समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और समान रूप से पहुंचाना ही सच्ची देशभक्ति है। डॉक्टर को केवल इलाज का शुल्क लेने वाला पेशेवर नहीं, बल्कि रोगी की पीड़ा का साझेदार मानना और शिक्षक को केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मी नहीं, बल्कि जीवन-निर्माता के रूप में देखना-यही संघ का दृष्टिकोण है। इसी सोच के तहत भागवत का यह आह्वान है कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मुनाफाखोरी के पंजे से मुक्त कर, इन्हें सेवा के आदर्श पर स्थापित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न हो और कोई भी रोगी आर्थिक बोझ के कारण इलाज से दूर न रहे। सरस्वती के मंदिर एवं सेवा के आश्रय-स्थल आज व्यापार के केंद्र बन गये हैं, ये मिशन नहीं, व्यवसाय बन गये हैं। पिछले दिनों इससे जुड़ा जनाक्रोश तब चरम पर नजर आया जब हैदराबाद के एक स्कूल में नर्सरी में दाखिले की सालाना फीस ढाई लाख रुपये बतायी गई। जिससे अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद महंगी होती शिक्षा को लेकर नई बहस छिड़ गई। निस्संदेह, बढ़ती फीस के ये आंकड़े शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण एवं बाजारीकरण को भी रेखांकित करते हैं। ऐसे में भागवत की हालिया अपील सत्ताधीशों को नीतिगत बदलावों के बारे में सोचने को विवश कर सकती है, अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा एवं चिकित्सा को लेकर नीतिगत कठोर मानवतापूर्ण बदलाव करें एवं इन्हें मुनाफा कमाने की मशीन न बनने दे। निस्संदेह, भागवत के संदेश पर मोदी सरकार को गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बाजार की वस्तु के बजाय नागरिक अधिकारों के दायरे में लाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों को राजस्व स्रोत के बजाय नागरिक दायित्वों के रूप में मानकर सरकार समता, संतुलन एवं सेवा का समाज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

**-ललित गर्ग**

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर ज़ोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किये जिससे यह साफ़तौर पर साबित होता है कि देश में बड़े स्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गयी तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फ़ॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं। यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फ़र्ज़ी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को 卐वोट चोरी卐 के ख़िलाफ़ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें।राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीक़े से हमला कर रही है, और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत को कमज़ोर कर रहा है।

चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाये इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी ? क्या ऐसा इसलिये नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें ? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिये संभव नहीं ? चुनाव आयोग द्वारा 'वोट चोरी' से सम्बंधित धांधलियों से चूँकि फ़ायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिये भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाये राहुल गाँधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है। परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस 'भ्रष्ट तंत्र' के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही 'अंधाधुंध वोट चोरी' के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाक़ों का दौरा किया। ग़ौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1,00,250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फ़र्ज़ी पते, और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फ़र्ज़ी वोटरों के होने का दावा किया था। उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे।

परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ 'गोदी मीडिया' भी क़दम ताल कर रहा है। इसका कारण किसी विपक्षी नेता या गोदी मीडिया के आलोचकों ने नहीं बल्कि स्वयं गोदी मीडिया के ही एक अहम पत्रकार सुमित अवस्थी ने अपने एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में यह बता ही दिया कि भारतीय मीडिया को 'गोदी मीडिया' क्यों कहा जाता है। सुमित अवस्थी ने बताया कि भारतीय मीडिया को 'गोदी मीडिया' इसलिए कहा जाता है क्योंकि 'न्यूज़ चैनल और मीडिया संस्थान अपनी आय के लिए सरकार से मिलने वाले विज्ञापनों पर बहुत हद तक निर्भर हैं'। उन्होंने कहा कि 'टीवी चैनलों की आय का 70-80ल हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के ख़िलाफ़ खुलकर बोलने में हिचकता है'। अवस्थी के अनुसार, 'यह आर्थिक निर्भरता मीडिया को मजबूरी में 'गोदी मीडिया' बनाती है, क्योंकि सवाल उठाने की आज़ादी सीमित हो जाती है। अवस्थी ने ही यह भी स्वीकार किया कि सत्ताधारी दल विज्ञापनों के माध्यम से चैनल मालिकों पर दबाव बनाते हैं, जिससे पत्रकारिता की निष्पक्षता प्रभावित होती है।' तो सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है ? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था ? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था ?

दरअसल 'गोदी मीडिया' की सच्चाई इससे भी ज़्यादा ख़तरनाक है। सत्ता की डफ़ली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे उन बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं जिनके हितों में सत्ता दिन रात काम किया करती है और उनके हितों को संरक्षण देती है। अन्यथा जो मीडिया कभी 90 /100 साल के बुज़ुर्ग को किसी के कंधे पर बैठ कर वोट डालते दिखाया करता था, या किसी अपाहिज व्यक्ति को लाइन में लगा दिखाता था,उसे यही नहीं पता चल सका की भारत के बिहार के सीवान,भागलपुर और गोपालगंज में कथित तौर पर 124 ,120 और 119 वर्ष की 'महिला वोटरों' ने भी 'मतदान' कर लोकतंत्र में अपनी 'अहम भूमिका' निभाई है ? और इसी 124 वर्षीय कथित मतदाता मिन्ता देवी के नाम की टी शर्ट संसद में पहन कर विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयोग का वोटर लिस्ट के नाम पर हो रहा 'तमाशा' उजागर किया। सच पूछिये तो लोकतंत्र की लूट में मीडिया की इस बेशर्म भूमिका को देश कभी मुआफ़ नहीं करेगा।



**निर्मल रानी**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** लेवाली कमजोर रहने से बुधवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। उड़द व मूंग में बाजार मजबूत रहे। खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य ही रहा। तिलहनों में मजबूती देखी गयी। किराना जिंसों में शक्कर सुर्ख रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख ठंडी रहने से बाजार मंदी पर रहे। चना घटकर 6300-6350 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। मसूर में भी सुस्ती आयी। खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य है। तिलहनों में सोयाबीन सुर्खी पर रहा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर बाजार तेजी पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4250-4300, खोपरा गोला 310-380, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-265, मीडियम 280-285, ऊंझा हल्का 270-275, बेस्ट 290-320, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2850-2950, विरूद्ध नगर 2950-3025, मीडियम 2975-3050, बोल्ड 3075-3150, एक्ट्रा बोल्ड 3250-3450, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 950-960, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 830-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 840-860, टुकड़ी 780-850, बादाम मगज 860-880, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3300-3350, (160) 4100-4150, (200) 4800-4850, (250) 5000-5100

**तेल**- सींगदाना 1360-1380, मुम्बई 1390, राजकोट तेलिया 2180, सोया साल्वेंट 1170-1175, सोया रिफाइंड 1230-1240, कपास्या 1325-1350, धूलिया 1330, कड़ी 1330,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1335-1350, मुम्बई पाम 1210, मुम्बई सोया 1390,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 7100-7300, रायडा 6600-6800, सोयाबीन 4750-4800, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6300-6350, एवरेज 6200-6250, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6200-6250, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 7500-7600, पाला 7600-7700, चमकी 7700-7800, नायलोन 7900-8000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7700-8300, बोल्ड 8600-8800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9000-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 320, उज्जैन 280, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

## इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार सुर्खी पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 116300, चॉंदी (99) 116200, टंच 115800, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 100300,

## सोना फिर 1 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 387 रुपए बढकर 1,00,057 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,670 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत शनिवार को 1,537 रुपए बढकर होकर 1,14,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,313 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको काम को लेकर कुछ समस्याएं बनी हुई थी, तो वह भी दूर होगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। संतान भी आपके काम में आपका पूरा साथ देगी। आपके अंदर एक नई ऊर्जा विराजमान रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपको वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा, जो जातक नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप बहुत कुछ करने की कोशिश करेंगे, लेकिन कामों में उलझनें रहने से आपका मन परेशान रहेगा। टेंशन भी आपको भरपूर हो सकती है। आपको भागदौड़ अधिक रहेगी, क्योंकि आप एक साथ काम करने की सोचेंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप किसी नए बिजनेस में भी हाथ आजमाने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क**- आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, जिससे आपका काम करने का भी मन नहीं करेगा। आपको काम को लेकर थकान भी अधिक रहेगी। जीवनसाथी आपके लिए कोई सरप्राइस प्लान कर सकते हैं। यदि आपने बिजनेस में कोई बड़ा जोखिम उठाया, तो उससे आपको नुकसान होने की संभावना है। आपको अपनी शारीरिक समस्या को छोटा नहीं समझना है। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की तैयारी में लगे हैं, तो फिर सामानों पर पूरा ध्यान दें।

**सिंह**- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। जीवनसाथी से बेवजह के लड़ाई झगड़ा बढ़ सकते हैं। आपको अपनी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर खर्च करना होगा, क्योंकि खर्च बढ़ने से आपकी टेंशन भी बढ़ेगी।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको बाहर के खाने-पीने में थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। ऑफिस में आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी। आप अपने परिवार में किसी सदस्य से वाद-विवाद में ना पड़े। आपका कोई लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में कुछ उतार-चढ़ाव लेकर आएगा। आपकी योजनाएं आपके लिए समस्या खड़ी कर सकती है। आपको रुका हुआ धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने घर में पूजा पाठ का आयोजन कर सकते हैं, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपका काम को लेकर आत्मविश्वास और गहरा रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। माताजी से आपकी किसी बात को लेकर वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। आप पार्टनरशिप में कोई काम करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप कोई इंवेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो आप कुछ समय रुक जाएं।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं और काम के साथ-साथ आप आराम के लिए भी समय निकाले। आपके किसी नए घर की खरीदारी की आप योजना बना रहे थे, तो उसके लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। आपको राजनीति में किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा। नौकरी में आप अपने कामों पर पूरा ध्यान दें और आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहें।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको नौकरी में मनपसंद काम ना मिलने से आप परेशान रहेंगे। आपके आसपास में भी कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं। किसी कानूनी मामले को लेकर आपको थोड़ा एतिहात बरतनी होगी। संतान के मन में पढ़ाई-लिखाई को लेकर यदि कोई समस्या चल रही है, तो उसे भी आप दूर करने के पूरी कोशिश करें। आप अपने घर परिवार में सदस्यों के साथ समय व्यतीत करेंगे, जिससे पारिवारिक एकता बढ़ेंगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति केलिए रहेगा। आप खुला खर्च करेंगे, जिससे आपको बाद में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण भी आपको धन खर्च बढ़ सकता है। बिजनेस के कुछ योजनाएं आपको अच्छा लाभ देगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

## शब्दजाल - 7990

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | रा | म | रा | ज | र | प | म |
| न | द | क | म | व | डो | ने | ग | ति | मा | हा |
| अ | रा | र | ला | ण | ग | अं | द | ह | प | रा |
| जी | ज | ल | का | रा | न | स | ध | ह | लि | ज |
| त | अ | अ | र | ज | जा | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | धि | त | ह | र | वि |
| ए | स्व | रा | ज | व | अ | ला | रा | मा | न | रा |
| त | न | भा | र | प | र्व | त | रा | ज | वि | ज |
| रा | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| ज | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स्* | का | प | श |
| बां | र | मे | घ | रा | ज | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'राज' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

रामराज, रावणराज, मेघराज, राजाधिराज, एतराज, पर्वतराज, महाराज, विराज, दराज, स्वराज

### शब्दजाल - 7989 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | मू | ल्य | वा | न | ग | ल | य |
| रा | वि | प | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | भा |
| चु | मे | ष | ह | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ग्य |
| इं | को | ब | न | ल | वा | स | थु | ल | ष | वा |
| डि | च | मी | भ | ग | वा | न | क्रो | न | भ | न |
| य | वा | न | र | रा | क | न | ती | ण | य | र |
| द | न | निं | ग | ट्रे | न | र | स | सी | श | स |
| क | ह | ऊ | द | द | ब | क | फ | ग | वा | क |
| रा | म | तु | ला | या | म | प | क | वा | न | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | वा | कुं | भ | न | प | द |
| ज्ञा | न | वा | न | या | क | न | व्य | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6934

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथुन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6933

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मं | दि | र | | गु | म | रा | ह |
| धु | | थ | | न | गी | ना | | धि | |
| मं | हा | न | ता | | त | ह | की | का | त |
| ती | | | क | र्ज | | | म | | प |
| | अ | मृ | त | | चा | ह | त | | स्या |
| सं | | त्यु | | मु | नी | म | | श | |
| ग्र | रै | दा | | क्ति | | श | जा | बा | बू |
| र्ष | | ता | ल | | आ | ज | | ना | म |
| | कौ | | गा | य | ब | | जू | | |
| खा | न | दा | न | | रू | दा | ली | | माँ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दैनिक पंचांग

**14 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 05.52 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कन्या | 08.04 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.14 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.29 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.45 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.50 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.40 बजे से |
| | | वृष | 23.20 बजे से |
| | | मिथुन | 01.18 बजे से |
| | | कर्क | 03.32 बजे से |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 226 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 09.06 बजे को समाप्त। **योग** शूल 13.12 बजे को समाप्त। **करण** गर 15.16 बजे तदनन्तर वणिज 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 21' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872436 **जूलियन दिन** 2460901.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 19 **विशेष** बलराम जयंती, रांधन छठ।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: जीवन की सार्थकता

हकीम लुकमान का बचपन अभावों में बीता था। उन्हें भरण-पोषण के लिए गुलामी भी करनी पड़ी। एक बार उनके मालिक ने ककड़ी खानी चाही। उसने लुकमान को ककड़ी लाने का आदेश दिया। लुकमान ककड़ी ले आए। मालिक ने ज्यों ही ककड़ी मुंह से लगाई उसे पता चल गया कि ककड़ी अत्यंत कड़वी है। मालिक ने ककड़ी लुकमान की ओर बढ़ा दी और कहा, 'ले, इसे तू खा ले!' लुकमान ने ककड़ी ले ली और बिना मुंह बिचकाए उसे खा गए। लुकमान के मालिक को बेहद आश्चर्य हुआ। वह तो यह मानकर चल रहा था कि इतनी कड़वी ककड़ी कोई खा ही नहीं सकता, इसलिए लुकमान इसे फेंक देंगे। लेकिन जब लुकमान ने पूरी ककड़ी सहजता से खा ली तो मालिक ने पूछा, 'तू इतनी कड़वी ककड़ी कैसे खा गया?' लुकमान ने हंसते हुए कहा, 'मेरे अच्छे मालिक! आप मुझे रोज स्वादिष्ट खाना बड़े प्यार से खिलाते हैं। आपके द्वारा दी गई कई चीजों का मैं मजा लेता हूं। ऐसे में अगर आपने एक दिन कड़वी ककड़ी दे भी दी तो मैं क्या उसे नहीं खा सकता? मैंने उसे भी और चीजों की तरह ही अच्छा मानकर लिया और खाया।' लुकमान का मालिक समझदार और दयालु था। उसने लुकमान की इस बात का आदर किया। वह बोला, 'आज तुमने मुझे जीवन का बड़ा सच बताया है। परमात्मा हमें अनेक प्रकार के सुख देता है, उसी के हाथ से यदि कभी दुख भी आए तो उस दुख को हमें खुशी-खुशी स्वीकार करना चाहिए। इसी से जीवन सार्थक हो सकता है। आज से तुम गुलाम नहीं रहोगे।'

## सूडोकु नवताल- 7243

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7242 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 8458

**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -8457 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | | क | ल | र | व |
| क | | छ | ल | क | प | ट | | र |
| रा | ख | | | म | | | बं | दा |
| र | त | | प | ल | क | | दा | न |
| | र | स | ना | | मा | ख | न | |
| त | ना | | ह | म | ल | | वा | स |
| ल | क | | | ग | | | ज | ल |
| घ | | म | न | र | ख | ना | | वा |
| र | म | जा | न | | त | क | दी | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 304.32 अंक बढ़कर 80,539.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 131.95 अंक ऊपर आकर 24,619.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान अपोलो हॉस्पिटल ,हिंडाल्को , डॉ. रेड्डीज़ लैब्स , हीरो मोटोकॉर्प के अलावा सिप्ला का शेयर तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं इंडसइंड बैंक, अदानी पोर्ट्स के अलावा टाइटन व आईटीसी का शेयर आज करीब गिरावट के साथबंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज एनएसई पर 3,058 शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1,673 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 1,292 शेयरों में गिरावट रही जबकि 93 शेयरों की कीमत मे बदलाव नहीं आया। महंगाई आंकडे घटने से भी निवेशकों में उत्साह का माहौल है जिससे भी बाजार ऊपर आया है। वहीं मंगलवार को बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही मेटल और फार्मा शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। सेंसेक्स 200 से ज्यादा उछलकर 80,492 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी 24,586 अंक पर खुला। सुबह ये बढ़त के साथ ही 24,569 पर कामकाज कर रहा था। ब्रोडर मार्केटस में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.63 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा



था, जबकि बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.65 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी मेटल और हेल्थकेयर सेक्टर की अगुवाई में सभी सेक्टर इंडेक्स लाभ के साथ ही ऊपर आये। इनमें 1 फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी, ऑटो, बैंक, फार्मा और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। कंज्यूमर प्राइसिंग इंडेक्स आधारित रिटेल इन्फ्लेशन दर जुलाई में घटकर 1.55 फीसदी रह गई , जो करीब आठ साल में इसका सबसे कम आंकड़ा है। जून में इसका आंकड़ा 2.1 फीसदी था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार आखिरी बार इससे कम खुदरा मुद्रास्फीति जून 2017 में दर्ज की गई थी। वह आंकड़ा 1.46 फीसदी रहा था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में बुधवार को दर्ज की गई। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.37 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.94 फीसदी, जापान का निक्केई इंडेक्स 1.3 फीसदी तथा दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.38 फीसदी बढ़ गया।

# अब एचडीएफसी बैंक के सेविंग अकाउंट में भी रखना होगा ज्यादा मिनिमम बैलेंस

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक के बाद अब एचडीएफसी बैंक ने भी सेविंग अकाउंट के नियम बदल दिए हैं। 1 अगस्त 2025 से नया खाता खोलने वाले ग्राहकों को अब मेट्रो, शहरी और अर्ध-शहरी शाखाओं में हर समय कम से कम 25,000 रुपए बैलेंस रखना होगा। पहले यह सीमा शहरी क्षेत्रों में 10,000 और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 5,000 थी। अगर बैलेंस तय सीमा से कम हुआ तो बैंक हर महीने चार्ज वसूलेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण शाखाओं में भी बदलाव किया गया है पहले बैंक में 5,000 रखना जरूरी था, अब यह बढ़ाकर 10,000 कर दिया गया है। सैलरी अकाउंट और बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट पर इन नियमों का असर नहीं होगा, क्योंकि इनमें जीरो-बैलेंस की सुविधा है। आईसीआईसीआई बैंक में पहले न्यूनतम औसत मंथली बैलेंस 10,000 रुपए था। अब इसे बढ़ाकर 50,000 कर दिया है यानी अब आपको सेविंग अकाउंट में पहले से 5 गुना ज्यादा बैलेंस रखना होगा। ये नियम सिर्फ 1 अगस्त 2025 से खोले गए नए सेविंग अकाउंट पर लागू होगा। पुराने ग्राहकों के लिए फिलहाल नियम वही रहेंगे, जब तक बैंक अलग से बदलाव न बताए। सैलरी अकाउंट पर कोई असर नहीं होगा क्योंकि ये जीरो-बैलेंस अकाउंट होते हैं। बीएसबीडीए यानी बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट पर भी असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसमें भी न्यूनतम बैलेंस की जरूरत नहीं होती।

# पेटीएम को आरबीआई ने दी पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस की मंजूरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के प्रमुख डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम को ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में काम करने की औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह फैसला पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लिए राहत और बाजार में भरोसे की वापसी का संकेत है। मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम की पेमेंट सर्विस यूनिट, पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल), अब नए मर्चेंट्स को ऑनबोर्ड कर सकेगी। नवंबर 2022 से यह सुविधा रोक दी गई थी, जब आरबीआई ने विदेशी निवेश अनुपालन संबंधी कारणों से पेटीएम पर नए व्यापारियों को जोड़ने पर रोक लगा दी थी। पेटीएम ने मार्च 2020 में पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, लेकिन चीन की अलीबाबा और एंट फाइनेंशियल के प्रभाव के कारण यह मामला अटक गया। मंगलवार को आरबीआई ने इन-प्रिंसिपल अप्रूवल देते हुए साफ कहा कि अब कंपनी पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 के तहत वैध रूप से काम कर सकती है। इस मंजूरी में सबसे अहम भूमिका पेटीएम के स्वामित्व में हुए बदलाव की रही। अलीबाबा ग्रुप और उसकी सहयोगी कंपनी एंट फाइनेंशियल ने हाल ही में वन97 कम्युनिकेशंस से अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। लाइसेंस मिलने के बाद पेटीएम अब छोटे और मध्यम व्यवसायों को डिजिटल पेमेंट सुविधा देने के लिए फिर से अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा। यह कदम गूगल पे, फोनपे और अन्य यूपीआई सेवा प्रदाताओं के साथ प्रतिस्पर्धा में उसकी स्थिति मजबूत करेगा। विदेशी स्वामित्व से मुक्त होकर पेटीएम अब भारतीय निवेशकों के लिए ज्यादा पारदर्शी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में सामने को तैयार है। आरबीआई की मंजूरी से यह भी साफ हो गया कि कंपनी अब सभी नियामकीय अनुपालनों का पालन कर रही है, जिससे उसके संचालन में स्थिरता और विश्वास दोनों लौट आए हैं।

# जान जोखिम में डालकर नाला पार करने पर मजबूर खोलमारा कोसमारा के स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण



लांजी (पद्मेश न्यूज)। वनांचल क्षेत्र में 13 अगस्त को अचानक हुई मुसलाधार बारिश से कई नदी नाले उफान पर आ गए। इसी के चलते लांजी मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत खोलमारा कोसमारा के मध्य स्थित पिपराई नाले में बाढ़ आने के चलते लगभग 5 से 7 ग्रामों का संपर्क मुख्यालय से टूट गया। बताते कि क्षेत्र में लम्बे समय से बारिश नहीं होने से सूखे जैसे हालात बने हुए हैं, किन्तु 13 अगस्त को अचानक वनांचल क्षेत्र में बारिश होने के कारण खोलमारा व कोसमारा के बीच पड़ने वाला पिपराई नाले में अचानक बाढ़ से हालात निर्मित हो गया। पिपराई नाला जो कि सोन नदी को जोड़ता है नाले मे लगभग 2 से 3 फीट पानी उपर होने के चलते आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणो ने उक्त संबंध मे बताया कि पिपराई नाला जो कि ग्राम खोलमारा कोसमारा के बीच स्थित है हमेशा ही थोडी सी बारिश में उफान पर आ जाता है जिससे हम ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आकस्मिक कार्य भी पूरे नही हो पाते, और ना ही स्वास्थ्य सुविधा, एंबुलेंस का समय पर लाभ मिल पाता है दुसरी ओर सभी शासकीय कार्य ठप्प हो जाते है। पिपराई नाला उफान पर होने के चलते नाले में बाढ की स्थित निर्मित हो गई आस पास पानी भर गया जिससे फसलों को भी काफी मात्रा में नुकसान देखने में आया है। वहीं स्कूली छात्र छात्राऐं जो कि ग्राम कोसमारा पंचायत के अनेको ग्रामो से पौनी खोलमारा आते वे स्कूली छात्र नाले मे पानी भरे होने कारण अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करते नजर आये।

### इन ग्रामो के ग्रामीणों को होती है परेशानी

पिपराई नाले में बाढ आने और कोसमारा से खोलमारा होते हुये लांजी मुख्यालय आवागमन मे प्रमुख रूप 8 ग्रामों के ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है इनमे प्रमुख रूप जोधीटोला, लोढांगी, पीपलगांव, कोसमारा, कोसमदेही, भक्कूटोला, पेंदीटोला, चौंदाटोला, नवाटोला इन सभी ग्रामों के ग्रामीण रोजाना किसी ना किसी कार्य से लांजी आते है जिन्हें भी बाढ़ के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिपराई नाला के दुसरी ओर ग्राम पंचायत कोसमारा है जहां से रोजाना सैकड़ो ग्रामीणो का आवागमन लांजी के लिये होता है नाले में पानी होने के चलते सैकड़ो ग्रामीण जन जिनमें महिला, पुरुष, बुजूर्ग एवं बच्चे दिखाई दिये जो कि एक दुसरे के सहारे नाला पार करते दिखाई दिये। पानी का बहाव तेज होने के बाद भी ग्रामीण जान जोखिम मे डालते दिखाई दिये अपने साथ साथ छोटे छोटे बच्चो को भी नाला पार करवा रहे थे। कुछ दुपहिया वाहन चालको ने भी भारी जोखिम उठाकर वाहन एवं स्वयं नाला पार किया गया जो कि कभी भी बडी दुर्घटना को आमंत्रण दे सकता था। लम्बे समय से इस मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल की मांग की जा रही है किन्तु जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# जनपद में हुआ पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 का विमोचन व एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन




लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के सभागार में 13 अगस्त 2025 को शासन के निर्देशानुसार पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 का विमोचन किया गया साथ ही एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, सीईओ रामगोपाल यादव, सभापति दिनेश लाड़े, रेवाजी करहाटकर, सरपंच संघ अध्यक्ष ललीत कबीरे, पूर्व सरपंच विजय वारे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 2022-23 में पंचायतो के द्वारा किये गये विकास कार्यो को ग्रेडिंग के आधार पर चयनित किया जाना था। जिसके अन्तर्गत विकासखण्ड लांजी की 20 पंचायतों का चयन किया गया। चयनित पंचायतो को कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें ग्राम पंचायत मोहझरी प्रथम, ग्राम पंचायत कोचेवाही द्वितीय रही शेष 18 पंचायतों में टेड़वा, मनेरी, आवा, कुल्पा, मोहारा, भानेगांव, डोंगरगांव, अमेड़ा पा, खाण्डाफरी, साड़रा, दहेगांव, भिमोड़ी चिखलामाली, बिसोनी, पाथरगांव, अंधियाटोला, पूर्वाटोला तथा धन्सा शामिल है। कार्यक्रम में उक्त सभी पंचायत के सरपंच सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत इंस्पेक्टर लेखराम रामटेकर के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के आयोजन कर्ता परमानन्द बोरकर एवं मुकेश खरे जनपद पंचायत लांजी के द्वारा किया गया।

# एकल अभियान संच लांजी ने सहयोगी संगठनों को सम्मानित कर किया आभार व्यक्त



लांजी (पद्मेश न्यूज)। धर्म नगरी लांजी एकल अभियान संच लांजी अंचल बालाघाट महाकौशल मध्यप्रदेश के तत्वावधान में 11 जुलाई से लेकर 10 अगस्त तक 30 दिवसीय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का भव्यता पूर्वक आयोजन किया गया। जिसका समापन 10 अगस्त को 108 पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक एवं महाप्रसाद तथा विशाल धर्म सभा के साथ समापन किया गया। इस संपूर्ण आयोजन में एकल अभियान संच के साथ जितने भी सामाजिक एवं धार्मिक संगठन तथा सहयोगी जनों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया उन सभी 12 अगस्त को सम्मान समारोह एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजन कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला संघ चालक वैभव कश्यप, गौरव दुबे जिला अध्यक्ष अंचल एकल अभियान बालाघाट, विधायक राजकुमार करहि, झनकार किरनापुरे अध्यक्ष एकल अभियान संच लांजी, विशाल राऊत उपाध्यक्ष, एसडीएम कमलचंद सिंहसार, नायब तहसीलदार संजय बारस्कर, थाना प्रभारी व्यंकट टांडिया की उपस्थिती में सर्वप्रथम बोल बम सेवा समिति लांजी, गुरुदेव सेवा समिति लक्ष्मीनारायण रामकृष्ण हरि मंदिर घोटी घुसमारा, शारदा महिला मण्डल लांजी, आदर्श ग्रामीण महिला मण्डल लांजी, गणेश उत्सव समिति चांदनी चौक लांजी, गायत्री शक्ति पीठ लांजी एवं किरनापुर, माँ सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति गुजरी चौक लांजी, डॉ एशोसिऐशन लांजी, सादर मित्र मण्डल विश्वेश्वरैया चौक लांजी, व्यापारी संघ लांजी, विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर लांजी, सीआईए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, विरांगना रानी अवंती बाई स्कूल लांजी, निर्माण कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट लांजी, राजभारती प्रोमिनेन्सी कान्वेंट स्कूल लांजी, साकेत पब्लिक स्कूल लांजी, श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी लांजी, माँ दुर्गा मंदिर कुम्हारीखुर्द, माँ कालीघाट कल्याण समिति लांजी, बीएसएस रूप लांजी, नगर परिषद लांजी, पुलिस थाना लांजी, पत्रकार संघ लांजी, राजस्व विभाग लांजी, अभिनंदन ग्रुप लांजी सहित अन्य जिनके द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सेवा कार्य में सहयोग दिया गया उन सभी को मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला संघ चालक वैभव कश्यप के द्वारा आशीर्वचन प्रदान किये गये। विधायक राजकुमार करहि के द्वारा कहा गया कि जब यह कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा था तो मुझे लगा कि कार्यक्रम 5 या 7 दिन का होगा लेकिन यह 30 दिवसीय अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ था जो कि अनवरत 30 दिनों तक चला एवं भव्यता के साथ इसका समापन हुआ है। ऐसा कार्यक्रम जो हमारे लांजी क्षेत्र के लिये एक ऐतिहासिक गौरव पूर्ण पल है। मै धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ एकल अभियान संच लांजी का जिन्होने ना केवल कार्यक्रम प्रारंभ किया तथा भव्यता के साथ 30 दिनों तक यह कार्यक्रम संचालित भी किया गया। संच के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने कहा कि मेरे लिये इससे बड़ा कोई क्षण या पल नही हो सकता यह श्री राम जी की आज्ञा एवं दादा कोटेश्वर का आशीर्वाद था जो कि यह राम काज पूर्ण हुआ। मै समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो का आभारी हूँ जिन्होने इस रामकाज में सहयोग प्रदान किया। सभी संगठनो को श्री राम चरित मानस (रामायण) एवं मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया जाकर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# विधायक राजकुमार करहि ने कन्या छात्रावासों में किया वृक्षारोपण



लांजी (पद्मेश न्यूज)। पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 13 अगस्त 2025 को लांजी में दो शासकीय छात्रावासों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से न केवल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, बल्कि छात्राओं और कर्मचारियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। उक्त कार्यक्रम जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त राहुल नायक जी का विशेष प्रोत्साहन और मार्गदर्शन में किया गया।

### शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास लांजी में वृक्षारोपण

शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास लांजी के परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में छात्राओं और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर काजू, कटहल, मूंगा, अंजीर, लौंग, शहतूत, आम, जाम, पपीता जैसे विविध प्रकार के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की सफलता में छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती सरिता कुथेकर जी का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया और उन्हें इस नेक कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### शासकीय अजा सीनियर कन्या छात्रावास में किया पौधा रोपण

इसी प्रकार, शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास, लांजी में भी क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि की उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 20 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें आम, जाम, जामुन, आचार, पीपल, पलाश, और करंज जैसे पौधे शामिल थे। इस कार्यक्रम में छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती प्रतिभा नागदौने जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में छात्राओं ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि इनके संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### वायुदूत ऐप में दर्ज की गई जानकारी

वृक्षारोपण कार्यक्रम की जानकारी को डिजिटल रूप से संरक्षित करने के लिए सभी रोपित पौधों का विवरण वायुदूत ऐप में दर्ज किया गया। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति तकनीकी दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिससे भविष्य में इन पौधों की निगरानी और देखभाल सुनिश्चित की जा सकेगी।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाने का भी एक प्रयास है। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इनके बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। आज हमने जो पौधे रोपे हैं, वे भविष्य में न केवल छाया और फल देंगे, बल्कि हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने में भी योगदान देंगे।

# भानेगांव में हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता अभियान के तहत निकाली रैली

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता संग अभियान के तहत 7 से 15 अगस्त 2025 तक कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश जारी किए गए। इसके तहत 13 अगस्त 2025 को ग्राम पंचायत भानेगांव में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय अवसरे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी थे। विशिष्ट अतिथियों में रेवाराम करहाटकर सभापति जनपद पंचायत, सीताराम रावते अध्यक्ष भाजपा मंडल भानेगांव, लीलाधर रावते पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, ओमकार बाबा रहांगडाले अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, राम देवीचरण ठाकरे सरपंच भानेगांव, और सुरेश पांचे उपसरपंच भानेगांव शामिल थे। इसके अलावा राम गोपाल यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी, लेखराम रामटेककर खंड पंचायत अधिकारी तरुणा वासनिक ब्लॉक समन्वय अधिकारी, डी.एल. शरणागत लेखापाल, चंद्रभूषण चौहान प्राचार्य भानेगांव, और सुरेश कुमार भिमटे सहायक सचिव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने तिरंगा हाथ में लेकर गांव में रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।



अतिथियों ने हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता पर अपने विचार रखे। इसके बाद, सभी ग्रामवासियों ने स्वच्छ सुजल ग्राम संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोहर चौरे सचिव ग्राम पंचायत भानेगांव ने किया। अंत में सरपंच राम देवीचरण ठाकरे ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उपस्थित ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# शिक्षा संगोष्ठी में लांजी के अमित व संयोगिता का जिला स्तर हेतु चयन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में आज विकासखण्ड स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विकासखण्ड अंतर्गत हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का विषय नवीन शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा सभी के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समग्र बनाने की आवश्यकता रखा गया था। संगोष्ठी में उपस्थित शिक्षकों ने विषय पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। आयोजन की अध्यक्षता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पी.के. भीमटे ने की, जबकि संचालन उत्कृष्ट उमावि लांजी के प्राचार्य डी.के. फुल्लरे के नेतृत्व में हुआ। चयन समिति में एस. बसेना प्राचार्य, हाईस्कूल कन्या लांजी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् ए.के. पशीने सेवानिवृत्त शिक्षक शामिल रहे। चयन समिति द्वारा अमित आसटकर पीएमश्री कन्या विद्यालय लांजी एवं संयोगिता कामडे शासकीय उमावि मोहझरी को जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में भाग लेने हेतु चयनित किया गया। दोनों चयनित शिक्षक 18 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर विकासखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिक्षक दिवस 5 सितम्बर के अवसर पर उत्कृष्ट उमावि लांजी में चयनित शिक्षकों को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।



# कारंजा में बस स्टैंड से सोसायटी तक रोड़ के किनारे किया वृक्षारोपण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कारंजा में अगस्त क्रांति के उपलक्ष्य में व शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत कारंजा के द्वारा सब स्टैंड से सेवा सहकारी समिति कारंजा तक वृक्षारोपण किया गया एवं विद्यालय के बच्चों के साथ तिरंगा रैली निकालकर हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा का संदेश देते हुए ग्राम का भ्रमण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम की सरपंच श्रीमती स्नेहा जितेन्द्र बागड़े, उपसरपंच निलेश शिवणकर, पंच प्रकाश बागड़े, सीमा चित्रीव, रामकला भागड़कर, वंदना सोनकुसरे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य घोरमारे सर, ग्राम सचिव गणेश रणदिवे, ग्राम सेवक सौरभ मासूरकर, सोसायटी प्रभारी धर्मदास लिल्हारे, रोजगार सहायक धनेश रहांगे, प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ग्राम पंचायत कारंजा द्वारा वार्ड के निवासियों को उनके प्रियजनों की स्मृति में एक एक पेड़ भेंट दिया। कार्यक्रम का संचालन छबुलाल नाईक व सुखदेव चुटे ने किया।




लांजी में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# आदेश आए है कि 15 अगस्त में बच्चों के लिए बनाए विशेष भोजन, ना खाद्य सामग्री मिली ना मिला मानदेय

## रसोईया बहनों ने सौपा ज्ञापन, खाद्यान समाग्री और मानदेय की लगाई गुहार



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मध्यान भोजन बनाने का कार्य करने वाली रसोईया बहने प्रशासनिक अधिकारियो के उस आदेश से परेशान है।जिस आदेश में 15 अगस्त के दिन बच्चों के लिए विशेष भोजन बनाने के लिए कहा गया है। मध्यान भोजन बनाने वाली स्वसहायता समूह की रसोईया बहनों का आरोप है कि विशेष भोजन बनाने के लिए ना तो खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई गई है और ना ही अप्रैल माह से उन्हें मानदेय का भुगतान किया गया है।बावजूद इसके भी विशेष भोजन बनाने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। जिससे परेशान रसोईया बहनों ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द मांग के अनुरूप खाद्यान्न सामग्री और अप्रैल माह से रुका हुआ मानदेय का भुगतान किए जाने की गुहार लगाई है। जिन्होंने अपनी इस मांग को पूरी करने के लिए दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। जहां उन्होंने दो दिनों के भीतर मांग पूरी न होने पर 18 अगस्त से बालाघाट जिले सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश में मध्यान्ह भोजन व सांझा चूल्हा का काम बंद कर हड़ताल शुरू किए जाने की चेतावनी की है।

### 5 माह नही मिलता मानदेय,कैसे करे गुजारा?

सामाजिक सुरक्षा, बीमा ,पेंशन योजना का लाभ दिए जाने ,मानदेय बढाने सहित वर्षों से लंबित अपनी स्थानीय व प्रदेश व्यापी विभिन्न सूत्रीय मांगों को लेकर उपस्थित रसोईया बहनों ने वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराए जाने की गुहार लगाई है। इस दौरान रसोईया बहनों ने अपने इतने कम मानदेय में गुजारा ना होने,समय पर मानदेय ना मिलने, और 5 माह का मानदेय लंबित होने से उन्हें आर्थिक व मानसिक परेशानी में होने की बात कहते हुए कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा है। तो वही मांग पूरी न होने पर 18 अगस्त से हड़ताल कर सड़क पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दी है ।

### इन मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

आगनवाड़ी में संचालित समूह एवं रसोईयों को विगत 5 माह से राशि नहीं मिली है इसे शीघ्र दिया जाने।प्रदेश में 40 प्रतिशत के हिसाब से खादयान और राशि दी जा रही है, उसे 100 प्रतिशत कि जाने, मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए गैस और लकड़ी दोनों का उपयोग करने की अनुमति देने, खाद्यान सामग्री ऑनलाईन के साथ-साथ ऑफलाईन (बिना फिगर) देने की व्यवस्था की जाने, पूर्व में जिन रसोईयों द्वारा कार्य किया जा रहा है, उन्हें न निकाले जाने।समूह संचालन की राशि एवं रसोईयों बहनों का मानदेय हर महीने कि 5 से 10 तारिख के बीच दिए जाने सहित अन्य मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई है ।

### तो संपूर्ण मध्य प्रदेश में 18 अगस्त से करेंगे हड़ताल- कविता

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान स्व सहायता समूह रसोईया संघ अध्यक्ष कविता लाड़े ने बताया कि हमें खाद्यान्न सामग्री नहीं मिल रही है। ऊपर से काफी कम मानदेय दिया जाता है। खाद्यान्न भी कम मिलता है। वही समय पर खाद्यान्न व मानदेय दोनों नहीं दिया जाता। उसके बावजूद भी हमें 15 अगस्त में बच्चों को विशेष भोजन बनाने के लिए आदेशित किया गया है।जब खाद्यान्न सामग्री ही नहीं है तो हम बच्चों के लिए विशेष भोजन कैसे बनाएंगे। उन्होंने बताया कि पर्याप्त खाद्यान्न सामग्री व मानदेय न मिलने के चलते हम परेशान हैं।किराना दुकान व सब्जी वालों ने हमें उधार देना बंद कर दिया है।जेवर भी हमारे गिरवी रखे हैं। अप्रैल माह से हम बहनों को मानदेय नहीं मिला है। एमडीएम का भी 03 माह से पैसा नहीं दिया गया है। ऐसे में यह कार्य हमसे नहीं हो पाएगा इसी को लेकर हमने दो दिनों के भीतर मांग पूरी करने को कहा है। यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती तो केवल बालाघाट जिला ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश की रसोइया बहनों द्वारा 18 अगस्त से काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी सितंबर में जाएंगे अमेरिका, ट्रम्प से हो सकती है मुलाकात

**भावना सिंघल**

नई दिल्ली । भारत संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक सम्मेलन में पहुंच कर सत्र को संबोधित कर सकते हैं। यूएनजीए का 80वां सत्र 9 सितंबर को शुरू होगा। उच्च-स्तरीय आम डिबेट 23 से 29 सितंबर तक चलेगी, जिसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा, उसके बाद अमेरिका होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को यूएनजीए मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। इस बीच सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दोनों देशों के व्यापार को लेकर बातचीत हो सकती है।



संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की इस उच्च-स्तरीय बहस के लिए वक्ताओं की शुरुआती सूची के मुताबिक भारत के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर की सुबह सत्र को संबोधित करेंगे। साथ ही इजरायल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष भी उसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस को संबोधित करेंगे।

भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनाव के बीच होने वाली पीएम मोदी और ट्रम्प की इस मुलाकात पर दुनियां भर नजर बनी हुई है। यह मुलाकात कई मायनों में अहम है। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान पीएम मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हो सकते हैं। यूएनजीए सम्मेलन सितंबर में होना है और सभी देशों के नेता 23 सितंबर तक न्यूयॉर्क पहुंच जाएंगे। यदि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच मुलाकात हुई तो यह सात महीने में दोनों की दूसरी मुलाकात होगी। इससे पहले, मोदी फरवरी में व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिल चुके हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों के रिश्ते अच्छे थे, लेकिन उनके दूसरे कार्यकाल में टैरिफ के मुद्दे पर ट्रम्प के कड़े फैसलों के चलते दोनों देशों के बी तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, ट्रंप को कई बार पीएम मोदी को अपना 卐दोस्त卐 कहते हुए भी सुना गया हैं।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में सबसे बड़ी समस्या कृषि और डेयरी सेक्टर को अमेरिकी बाजार के लिए खोलने को लेकर है, जिस पर भारत अभी राजी नहीं है। इस बीच, ट्रंप ने भारत पर 50त्न टैरिफ लगा दिया है। इनमें से 25त्न टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो चुके हैं, जबकि बाकी 25त्न टैरिफ 27 अगस्त से लागू होंगे। इस डेडलाइन से पहले, व्यापार दोनों ओर से समझौते को लेकर बातचीत जारी हैं।

वहीं रूसी तेल की खरीद एक और बड़ा मुद्दा बन चुका है। व्हाइट हाउस का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीदकर रूस की यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद कर रहा है। ट्रंप भारत पर दबाव बना रहे हैं कि वह रूस से तेल खरीद कम करे, ताकि रूस पर आर्थिक असर पड़े। भारत ने अमेरिका की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका खुद रूस से यूरेनियम, केमिकल्स और उर्वरक खरीदता है, और भारत ने इस पर भी अपनी आपत्ति जताई है। अब भारत की नजर 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक पर है, जिसमें दोनों नेताओं के तीन साल से चल रहे युद्ध को विराम देने को लेकर चर्चा होनी है।

# संकट में गन्ना उत्पादक किसान

## खेती-बाड़ी छोड़कर किसानों के लिए पलायन बन सकती है मजबूरी



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल में गन्ना उत्पादन किसान जंगली सूअरों के उत्पात से भयंकर परेशान है. रात्रि के वक्त जंगली सूअरों का झुण्ड खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को बर्बाद कर रहा है. किसानों ने खेतों में जंगली सूअरों के प्रवेश की रोकथाम के लिए हर देसी और पारंपरिक उपाय के अलावा आधुनिक तकनीक अपना कर देख ली है लेकिन तमाम उपायों को अपनाने के बाद भी केवल हताशा ही हाथ लगी. ऐसे में अब गन्ना उत्पादक किसान खेती-किसानी छोड़कर पलायन करने की बात करने लगे है. किसानों को वन विभाग से बड़ी उम्मीद थी कि वह जंगली सूअरों को खेतों में आने से रोकने में मदद करेगा और कोई कारगार तकनीक अपनाएंगा किंतु विभाग ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए है. वन विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारी किसानों को सिर्फ जंगली सूअरों को खेतों से कैसे दूर रखा जा सकता है यहीं उपाय बता रहे है. किसानों के सामने दोहरा संकट है उन्हें जंगली सूअरों से अपनी फसल बचाना है और रात्रि के वक्त खेत में जगवाली करते समय स्वयं की जान की भी सुरक्षा करनी है क्योंकि कई बार जंगली सूअर इतनी अधिक आक्रामक हो जाती है कि किसानों पर ही प्राणघातक हमला कर घायल कर देती है. वन्य प्राणी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिन पर अंकुश लगाने की कोई ठोस योजना न तो वन विभाग के पास है और ना ही सरकार कोई ठोस योजना बना रही है।

### करीब 12 सौ हेक्टेयर का रकबा

पठार अंचल में बावनथड़ी नदी किनारे और इसके आसपास में तकरीबन 12 सौ हेक्टेयर के खेतों में गन्ने की फसल लगाई जाती है. यह फसल हजारों हाथों को रोजगार, सैकड़ों परिवारों को दो वक्त की रोजी-रोटी प्रदान करती है. अब अगर केवल जंगली सूअरों के उत्पात के कारण किसान गन्ना का उत्पादन करना छोड़ दे तो इसका व्यापक असर पठार अंचल की अर्थव्यवस्था और ग्रामीणों के जीवन पर पड़ेगा. पठार में विकट रुप ले चुकी जंगली सूअरों की समस्या के कारण, गन्ना किसानों को भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है, और वे कर्ज में डूबते जा रहे हैं. ग्राम आंजनबिहरी के किसानों ने बताया कि अभी हालत कुछ ऐसे है कि जंगल से अधिक खेतों में जंगली सूअर देखने को मिल रहे है कई बार जंगली सूअरों का पीछा करते हुए हिंसक वन्य प्राणी बाघ भी खेतों तक आ रहे है. पठार अंचल के अलग-अलग गांवों में बीते दिनों बाघ ने खेतों में कृषि कार्य कर रहे किसानों को मौत के घाट उतारा है. ग्राम आंजनबिहरी, कोसुंबा, दिग्धा, बड़पानी, महकेपार, बम्हनी, हरदोली, बोनकट्टा, पुलपुट्टा, छतेरा, कुड़वा, गोरेघाट, भोंडकी, कन्हड़गांव सहित अन्य छोटे-छोटे गांवों में किसान गन्ने की फसल लगाते है. इन सभी गांवों में जंगली सूअरों का खेतों में जमकर आतंक देखने को मिलता है. किसान अपनी पीड़ा बताते हुए ठिठक पड़ते है उनके आंखों में आंसु तक दिखाई देते है।

### पठार संघर्ष समिति कर रही संघर्ष

पठार संघर्ष समिति के संयोजक ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के सरपंच दीपक पुष्पतोड़े बताते है कि करीब 10 वर्षों से वह किसानों के लिए गंभीर बन चुकी इस समस्या को शासन-प्रशासन के सामने रख रहे है ताकि किसानों को राहत मिले परंतु शासकीय स्तर पर आज तक इस समस्या से निपटने के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं किए गए. वह बताते है कि मिश्रित वनों के कमजोर होने के कारण शाकाहार वन्य प्राणी गांव में खेतों और आबादी के नजदीक आ रहे है. खेतों में बर्बाद फसलों को देखकर किसान अपना आपा खो रहे है और उनका वन्यजीवों के प्रति आक्रोश बढ़ता है. वन्य जीवों को खेतों में आने से रोकने के लिए कई किसान करंट तक लगा देते है जिससे वन्य प्राणी की मौत हो जाती है. इन घटनाओं की जानकारी अगर वन विभाग को पता चलती है तो किसान पर कार्रवाई होती है लेकिन पता ना चले तो एक वन्य प्राणी की मौत के बाद उसका पता ही नहीं चल पाता. किसान कैमरे में तो वन्य प्राणियों की धरपकड़ करने की मांग करते है लेकिन ऑफ कैमरा वन्य प्राणियों को मारने की बात करते है।

### ऊँट के मुंह में जीरा जैसा मुआवजा

किसानों ने बताया कि जंगली सूअर लाखों रुपए की गन्ने की फसल बर्बाद करती है किसान शिकायत करता है तो राजस्व विभाग के कर्मचारी आकर सर्वे करते है जो मुआवजा मिलता है वह ऊँट के मुंह में जीरे के बराबर होता है. एक एकड़ में गन्ना उत्पादन करने में करीब 50 से 60 हजार रुपए का खर्च आता है. वहीं इतनी फसल का अगर जंगली सूअर नुकसान कर दे तो केवल 1 हजार रुपए का भी बड़ी मुश्किल से मुआवजा मिल पाता है।

### इनका कहना है

शासन प्रशासन को किसानों की पीड़ा को समझते हुए उचित कदम उठाना चाहिए. अगर, कोई ठोस नीति नहीं बनी तो भविष्य में गन्ना उत्पादन किसान पलायन करने को मजबूर होगा।

**दीपक पुष्पतोड़े**
**सरपंच आंजनबिहरी**

# कटंगी पुलिस ने 3 स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। अलग-अलग मामलों में करीब 05 वर्षों से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटियों को कटंगी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है. तीनों ही आरोपियों को अलग-अलग वक्त पर गिरफ्तार कर बुधवार को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. शाम 06 बजे पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय ने तीनों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था. पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देश और कटंगी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुसराम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने धमेन्द्र पिता कुबरलाल बोपचे को ग्राम रेबराल थाना आरोही जिला नागपुर, संतोष पिता महादेव को छोटा बाजार भंडारा और सुयश पिता सिद्धार्थ घोड़ेश्वर को भंडारा से गिरफ्तार किया. इस पूरी कार्रवाई को सहायक उप निरीक्षक पी.एल.अहाके, प्रधान आरक्षक शिशुपाल बघेल, आरक्षक नीरज सनोड़िया, विमलेश सिसोदिया, शिवम बघेल का सराहनीय योगदान रहा. इन सभी आरोपियों पर शराब से जुड़े हुए अपराध दर्ज थे और आरोपियों को न्यायालय में पेश होने के कई मौके दिए गए लेकिन आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुए जिसके बाद न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया।




# चरेगांव में हर घर तिरंगा ,हर घर स्वच्छता जन जागरूकता अभियान सम्पन्न

चरेगांव(पद्मेश न्यूज़)। देश भक्ति के जब्बे को बढ़ाने और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ग्राम चरेगांव में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जन जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमे स्कूली बच्चों के साथ ग्राम का भ्रमण कर बच्चों के द्वारा नारा लगाकर आसपास स्वच्छता रखेने,व गांव की सफाई रखने का संदेश दिया गया।बताया गया कि यह अभियान लोगों के देशभक्ति की भावनाओं को जागृत के साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा दें देगा।जिसमे देश प्रेम देश सेवा और अपने ग्राम को साफ सुथरा बनाए रखने का संदेश दिया गया। जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता की संकल्प के साथ जोड़ा गया। इसी तरह इस रैली के माध्यम से जन सामान्य को घर-घर जाकर तिरंगा वितरण एवं स्वतंत्रता के प्रति जागरूक किया गया। इस तिरंगा रैली में विद्यालय के प्राचार्य पीएल, बिसेन एवं समस्त स्टाफ ,सरपंच ग्राम पंचायत चरेगांव श्रीमती मीना बिसेन ,ग्राम पंचायत के पंच, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल रहे।



# सीआरपीएफ द्वारा सोनेवानी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

उकवा(पद्मेश न्यूज)। भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं हजारी लाल कमाण्डेट-123 बटा0 के मार्गदर्शन में 13 अगस्त को15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चंन्द्रप्रताप तिवारी (सहा0 कमाण्डेट) डी./123 बटा0 के0रि0पु0बल समवाय अधिकारी एवं चौकी प्रभारी सोनेंवानी उपनिरीक्षक रूद्रशरण मिश्रा एवं जिला बल के जवान के अगवाई में सिविल सेवा बालाघाट के वरिष्ठ अधिकारीगण एस.डी.ओ श्रीमती शीतल मिश्रा, सपन नाथ एवं सोनेंवानी एवं मोहनपुर स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षिकायें तथा स्कूल के बालक/बालिकायें, ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों एवं गणमान्य नागरिकों में सोनेंवानी के0रि0पु0 बल कैम्प परिसर पर एकत्रित होकर अधिकारीगण एवं जवानों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ तिरंगा रैली में बढ़ चढ़कर भाग लिये और राष्टीय तिरंगा झंण्डा के प्रति हर्षोल्लास के साथ अपना देशभक्ति एवं झंण्डे के सम्मान का भाव प्रकट किये।इस पूरे कार्यक्रम के दौरान, सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रोटोकॉल का विशेष रूप से पालन किया गया।



# भारती ठाकुर के नपा में 3 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। नगर पालिका परिषद में भाजपा की सत्तासीन परिषद के पांच वर्षीय कार्यकाल के तीन साल पूरे होने पर जिला भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नपाध्यक्ष एवं भाजपा पार्षदों का सम्मान किया। इन तीन वर्षो में नगर विकास को गति देने तथा भाजपा सरकार की योजनाओं से अंतिम पंक्ति के हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लिये नपाध्यक्ष एवं पार्षदों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि 5 वर्षो में नगर विकास के नये कीर्तिमान की स्थापना की जायेगी। इस सम्मान को पाकर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि मैं अभिभूत हूं। भाजपा के हर कार्यकर्ता एवं जनता का विश्वास ही विकास कार्यो को गति देने तथा विभिन्न माध्यमों से नगर विकास को उन्नति के पथ पर बनाये रखने प्रेरणा देता है। उन्होंने नगरवासियों से अपील कर कहा कि हम सभी मिलकर हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने हमारे राष्ट्रीय महापर्व को पूरे उत्साह से मनााये अपने घरों में एक तिरंगा ध्वज जरूर फहराए और अपने परिसर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता के लिए अपना योगदान देकर भारत माता व वीर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने नपाध्यक्ष एवं पार्षदों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं भारत माता की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान किया।



इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन, ओबीसी कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, भाजपा महिला मोर्चा जि़लाध्यक्ष हेमा वाधवानी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र भारद्वाज, नगर अध्यक्ष राकेश सेवईवार, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, महिला मोर्चा महामंत्री मीना राहंगडाले,सरिता केवल सोनेकर, समीर जैसवाल, कमलेश पाँचे, दीनू बसेने सहित बड़ी संख्या में जिला भाजपा संगठन के पदाधिकारी, भाजयुमो, महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। नगरपालिका में भारती ठाकुर की अगुवाई में भाजपा के 3 साल पूरे होने पर नगर के वार्ड क्रं.13 सुभाष नगर में सड़क का भूमिपूजन किया गया। जहां वार्डवासियों एवं पार्षदों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर नपाध्यक्ष का सम्मान किया गया।

### उपाध्यक्ष, सभापति एवं पार्षदों का भी किया सम्मान

आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष के साथ ही उपाध्यक्ष,सभापति व उपस्थित पार्षदों का नगर विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाने पर स्वागत एवं सत्कार किया गया।

# डॉ0 एस0 राधाकृष्णन हायर सेकेण्डरी स्कूल बालाघाट में हुआ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यक्रम



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर में स्थित डॉ0 एस0 राधाकृष्णन हायर सेकेण्डरी स्कूल, सरस्वती नगर बालाघाट में दिनाँक 13/08/2025 को जिला न्यायालय बालाघाट के माननीय न्यायाधिश श्री सतीश शर्मा जी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम के द्वारा संस्था में अध्ययनरत् कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र/छात्राओं को कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अनेको हितकारक कानूनों की साक्षरता, सलाह एवं सहायता के लिए छात्र/छात्राओं को विभिन्न जानकारी दी गई। जो कि वर्तमान समय को दृष्टिगत रखते हुए छात्रहीत में आवश्यक है, जिसके कारण जाने-अनजाने में घटीत हुई घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़े और उनमें इसके प्रति समझ विकसीत हो। संस्था के प्राचार्य श्री सनतराम पाँचे जी के द्वारा छात्र/छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा, नियम कानूनों का भी ज्ञान होना अतिआवश्यक है, जिससे कि बच्चों क सामान्य ज्ञान में बढ़ोतरी हो ताकि अपने भविष्य में हर प्रकार की कठिनाइयों को वह आसानी से समझ कर पार कर सके इत्यादि जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य श्री रोमित गुप्ता, शिक्षक/शिक्षिकाओं, छात्र/छात्राओं एवं उपस्थित अतिथियों आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को 202 रनों से हराया

## 34 साल बाद पाक के खिलाफ सीरीज जीती



तरौबा। वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 202 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। इसी के साथ ही मेजबान वेस्टइंडीज को 34 साल बाद पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में जीत मिली है। इस मैच में पाक टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और वह लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 92 रन ही बना पायी। उसे पांच खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल पाये।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के 120 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 294 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 29.2 ओवर में केवल 92 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जायडेन सील्स ने पहले ही ओवर में पाक के सईम अयूब को 0 पर ही आउट कर दिया। इसके बाद तीसरे ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक भी शून्य पर ही आउट हो गये।

सील्स के सामने पाक बल्लेबाज बेबस नजर आये। यहां तक कि कप्तान मोहम्मद रिजवान, सईम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक सहित पांच बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाये। सील्स ने इस मैच में छह विकेट लिए। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान वेस्टइंडीज को भी परेशानी आई पर कप्तान शाई होप ने एक छोर संभाले रखा। वह 94 गेंदों में 120 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 10 चौके और पांच छक्के लगाये। इस तरह वह एकदिवसीय में 18वां शतक लगाते हुए वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये। वहीं गेंदबाज सील्स ने नया रिकार्ड बनाया। वह वेस्टइंडीज की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अच्छी गेंदबाजी करने वाले बने गये हैं। इससे पहले फ्रैंकलिन रोज ने अप्रैल 2000 में किंग्सटाउन में 5/23 का रिकॉर्ड बनाया था।

## शासकीय महाविद्यालय हट्टा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता आयोजन



हट्टा(पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय हट्टा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान के अंतर्गत देशभक्ति के रंगों से सराबोर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी प्रतियोगिता और रैली का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनशीलता और देशप्रेम का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली एवं तिरंगा राखी प्रतियोगिता से हुई, जहां प्रतिभागियों ने तिरंगे के रंगों और देशभक्ति की भावनाओं को अपनी कला में खूबसूरती से उतारा। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें वंदे मातरम और भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। महाविद्यालय परिसर में विशेष सेल्फी पाइंट भी बनाया गया, जहां सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उन्हें हर घर तिरंगा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री बिसेन ने कहा, ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक यादगार एवं प्रेरणादायक आयोजन बना दिया।

## चौराहों मे साफ सफ़ाई कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। देश भर मे घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वच्छता अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत चौक चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास साफ सफ़ाई कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए महापुरुषों के जयकारे लगाए गए तथा भारत माता की जय के जयघोष लगाए गए। अभियान की शुरूआत सर्वप्रथम डॉ बाबा साहब अंबेडकर बस स्टैण्ड किरनापुर से की गई। तत्पश्चात् वीरांगना अवंती बाई चौक, फूले चौक, महात्मा गांधी चौक के आसपास साफ सफ़ाई कर माल्यार्पण किया गया इस कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष मीना नन्हे बहेकार, सुमन परिहार, सरिता जोशी, अंबिका गोस्वामी, एन आर गर्दे,चुमेश लिल्हारे, डॉ नन्हे बहेकार, शिव तारन, कमलेश चौधरी, मुकेश गौतम, ओ आर मेश्राम, विजय लिल्हारे, शिवलाल चापेकर, संतोष क्षीरसागर, संजय चौधरी, कीर्तिराम एडे, बेनी प्रसाद अग्रवाल, ज्ञानीराम बोहरे,शैलेष नामदेव सहित अनेक ग्रामीण नागरिक एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## कप्तान शुभमन के दिलीप ट्रॉफी में खेलने से अच्छा संकेत जाएगा - गावस्कर

मुम्बई। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य खिलाड़ियों के घरेलू क्रिकेट में खेलने के फैसले की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि घरेलू क्रिकेट में शुभमन के खेलने से अन्य क्रिकेटरों को भी एक अच्छा संकेत जाएगा। गावस्कर ने बांग्लादेश दौरा स्थगित होने के बाद उसकी जगह टीम को श्रीलंका नहीं भेजने के क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले को भी सही कदम बताया है। श्रीलंकाई बोर्ड ने भारतीय टीम को दौरे पर भेजने का प्रस्ताव दिया था पर बोर्ड ने स्वीकार नहीं किया।

गावस्कर ने लिखा, यह अच्छा है। बांग्लादेश का दौरा अगले साल तक के लिए स्थगित होने के बाद भी बीसीसीआई टीम को सफेद गेंद सीरीज के लिए इस महीने श्रीलंका भेजे जाने के लालच में नहीं आया। ऐसा करके बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट को महत्व दिया है जो एक सकारात्मक बात है। अब अधिकतर बड़े खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसमें शुभमन उत्तरी क्षेत्र की कप्तानी करेंगे। यह इस टूर्नामेंट के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होकर कप्तान ने टीम के दूसरे सदस्यों को भी इसमें खेलने के स्पष्ट संकेत दे दिये हैं।

दलीप ट्रॉफी इस महीने से शुरू हो रही है। इसके साथ ही इस साल के घरेलू सत्र की शुरुआत होगी। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार जब जब कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम न हो और फिटनेस का मसला न हो तो सभी क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। बोर्ड ने यह फैसला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की 1-3 से हार के बाद लिया था।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग रैंकिंग में टिम डेविड ने लंबी छलांग लगायी

## रोहित एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड ने छह पायदान की लंबी छलांग लगायी है। डेविड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। इससे वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। डेविड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के ही कैमरन ग्रीन भी इसी सूची में छह स्थानों के लाभ के साथ ही 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के युवा ब्रेविस डार्विन ने भी अपने अच्छे प्रदर्शन से 21वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने हाल में अपनी टीम की ओ से 125 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। ब्रेविस के ही हमवतन ट्रिस्टन स्टब्स टी20आई बल्लेबाजों की सूची में 12 पायदान के लाभ के साथ ही 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज



बाबर आजम को वेस्टइंडीज के खिलाफ खराब प्रदर्शन से नुकसान हुआ है और वह एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर फिसल गए हैं। भारतीय एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित दूसरे स्थान पर आ गए हैं। शुभमन पहले स्थान पर बने हुए हैं।

दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड तीन पायदान के लाभ के साथ ही 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा 15 पायदान के लाभ के साथ ही 44वें स्थान पर और लुंगी एनगिडी 14 पायदान ऊपर आकर 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद लाभ हुआ है। अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान पैट कमिंस चौथे स्थान पर फिसल गये हैं। बल्लेबाजों की श्रेणी में रचिन रवींद्र 15 स्थान के लाभ के साथ ही 23वें स्थान पर, डेवोन कॉनवे सात स्थान के लाभ के साथ ही 37वें स्थान पर) और हेनरी निकोल्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर) को जिम्बाब्वे में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में वेस्टइंडीज के स्पिनर गुडाकेश मोती पांच पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी तेज गेंदबाज जेडन सील्स 24 पायदान की छलांग लगाकर 33वें स्थान पर पहुंच गए।

# ईडी के सामने पेश हुए सुरेश रैना

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रेना बुधवार को ऑनलाइन बेटिंग ऐप (अवैध सट्टेबाजी) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। ईडी ने रैना को पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। जिसके बाद ही वह आज पूछताछ के लिए ईडी मुख्यालय पहुंचे। रैना इस ऑनलाइन बेटिंग ऐप के ब्रांड एंबेसडर हैं और ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। पुलिस ने यह भी पाया है कि ये ऐप्स सीधे तौर पर कानूनों का उल्लंघन करते हैं।



ईडी के अनुसार रैना का नाम इस मामले में उनके कुछ विज्ञापनों और एंडोर्समेंट्स के कारण जोड़ा जा रहा है। ईडी की टीम ने पूछताछ में रैना से ऑनलाइन ऐप के साथ उनके संबंधों, एंडोर्समेंट डील और किसी भी वित्तीय लेन-देन की पूरी जानकारी मांगी है। यह पूछताछ 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' के तहत हुई।

जांच में यह सामने आया है कि जब ऐप यूजर द्वारा पेमेंट की जाती थी तो रोजाना रिसीवर का नाम और ब्यौरा बदल जाता था, लेकिन बाद में पैसा ऑनलाइन ऐप अकाउंट में पहुंच जाता था। इसी कारण ईडी को संदेह हुआ। इस ऐप के जरिए पैसा विदेश भेजा जा रहा था। इस प्रकार से जुड़े मामलों में रैना के अलावा कई अन्य हस्तियों के नाम भी सामने आए हैं। ईडी की जांच का दायरा कई करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी तक फैला हुआ है। जांच एजेंसी इन प्लेटफॉर्म्स के सभी प्रमोटर्स और उनसे जुड़े तमाम लोगों से पूछताछ कर रही है।

वहीं यह प्लेटफॉर्म अपने को कौशल-आधारित खेलों की मेजबानी करने वाला प्लेटफॉर्म बताता है, पर इनमें ऐसे एल्गोरिथम का इस्तेमाल किया गया है, जो मौजूदा भारतीय कानूनों के तहत उन्हें जुए की श्रेणी में रखते हैं। ऑन लाइन ऐप ने भी रैना को गेमिंग एम्बेसडर बनाते हुए उन्हें जिम्मेदारर एंबेसडर बताया था। वहीं ईडी की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि रैना के खिलाफ कोई सीधा आपराधिक मामला दर्ज किया गया है या उनसे फिलहाल सिर्फ जानकारी के लिए पूछताछ की गई है। इससे पहले भी ही कई मशहूर हस्तियों का नाम सामने आ चुका है जिनसे पूछताछ हुई है। सोमवार को एक्टर राणा दग्गुबाती फिल्म की व्यस्तताओं के कारण 23 जुलाई को जारी अपने समन को स्थगित करने की मांग के बाद हैदराबाद में ईडी के सामने पेश हुए थे। मई में तेलंगाना पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के प्रचार से कथित संबंध के आरोप में दग्गुबाती और प्रकाश राज समेत 25 प्रसिद्ध अभिनेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ और भी लोगों को नोटिस जारी किए जा सकते हैं। ईडी एफआईआर में कई अन्य हस्तियों के वित्तीय लेनदेन और डिजिटल ट्रेल्स की भी जांच कर रही है, जिनमें अभिनेता मांचू लक्ष्मी, निधि अग्रवाल, अनन्या नागल्ला और टेलीविजन एंकर श्रीमुखी शामिल हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत बालसभा का हुआ आयोजन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत विकासखंड कटंगी के सांदीपनि स्कूल में बच्चों के लिए एक बाल सभा का आयोजन किया गया. जिसमें देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं



आयोजित करवाई गई. बाल सभा में एसडीएम के.सी.ठाकुर, सीईओ गायत्री कुमार सारथी, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े, प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, उप प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे प्रमुख रुप से शामिल हुए. बाल सभा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया, जैसे कि तिरंगा रंगोली, चित्रकला, और निबंध प्रतियोगिताएं. इन गतिविधियों के माध्यम से, बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और देश के प्रति प्रेम को समझने का अवसर मिला. वहीं दोपहर 03 बजे मानव श्रृंखला बनाई गई. जिसमें तमाम विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों सहित स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है. इसके अतिरिक्त, बच्चों को 'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

## हरभजन ने एशिया कप में पाकिस्तान से मैच का बहिष्कार करने की अपील की

नई दिल्ली। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने की मांग तेज होती जा रही है। कई क्रिकेट प्रशंसकों के बाद अब पूर्व स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने भी कहा है कि इस मैच को नहीं खेलना चाहिये। एशिया कप में भारत और पाक का मुकाबला 14 सितंबर को होना है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाक से क्रिकेट मैच का विरोध किया जा रहा है। हरभजन ने कहा, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। हम उनको इतना महत्व क्यों देते हैं? हमारे जवान घर नहीं आते और हम क्रिकेट खेलने चले जाते हैं।

हरभजन ने हाल में हुई विश्व चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स में भी पाक के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की मांग की थी और इंडिया चैम्पियंस टीम ने पाक से सभी मैचों का बहिष्कार किया था। इसमें सेमीफाइनल मैच भी शामिल था। इंडिया लिजेंड्स में हरभजन सिंह के अलावा युवराज सिंह, शिखर धवन, इरफान पठान, यूसुफ पठान, सुरेश रैना जैसे पूर्व क्रिकेटर शामिल थे। इन भी ने कहा कि देश पहले है। वह फाइनल भी होता तो पाकिस्तान से नहीं खेलते। वहीं जब हरभजन से यह पूछा गया कि क्या एशिया कप में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना चाहिए तो उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने वाले जांबाजों का उदाहरण दिया। उनका जवाब था, 'मेरे लिए हमारे देश का वो जवान जो सीमा पर खड़ा हुआ है, उनका परिवार कई दिनों तक उनको नहीं देख पाता है। उनका सर्वोच्च बलिदान हो जाता है, वो घर वापस नहीं लौट पाते हैं। उनका इतना बड़ा बलिदान होता है, वहीं हम एक क्रिकेट मैच छोड़ने पर भी फैसला नहीं कर पाये हैं।'उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का भी तो यही रुख है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। देश सबसे पहले आता है। क्रिकेट मैच न खेलना बहुत मामूली चीज है देश के सामने। उन्होंने उम्मीद जताई कि सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगी।

## सीनियर सिटीजन फोरम का वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत फोरम के समस्त पदाधिकारी सदस्यों ने सतपुड़ा आईटीआई कॉलेज परिसर में 25 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर प्राकृतिक संतुलन का संदेश दिया। जहां उन्होंने कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक को हमेशा हरा-भरा रखने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने और वातावरण को शुद्ध बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान सीनियर सिटीजन फोरम बालाघाट जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र हरिनखेडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज धुवारे, कोषाध्यक्ष एच रहांगडाले,




आईटीआई प्राचार्य श्री गुप्ता, श्री रहांगडाले, डॉ बागरेचा, डॉ पटेल साहब, डॉ. गुप्ता, डॉ पटले, श्री तुमसरे, श्री रंगलानी, और डॉ बिसेन सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रतिभा मान्य उपवंशी ने कैरम प्रतियोगिता मे मारी बारी

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता राकेश उपवंशी के पुत्र मान्य उपवंशी जो कि रिवरडेल वल्ड स्कूल के छात्र है। उन्होंने अंडर -17 आयु वर्ष के खिलाडी शालेय कैरम प्रतियोगिता मे अपना परचम लहराया है। क्रीड़ा व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य, पुणे अंतर्गत जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय व जिला क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित जिले स्तरीय स्तरीय शालेय कैरम 2025-26 कालावधि 13 अगस्त 2025 स्थान जिल्हा क्रीडा संकुल मरारटोली गोंदिया मे संपन्न हुई जिसमे रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के छात्र मान्य उपवंशी ने अपने 17 वर्षीय आयु वर्ष मे टॉप सिक्स मे स्थान प्राप्त किया। छात्र ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने स्कूल के प्राचार्य संयुक्ता जोशी मैंम और एम पॉवर ग्रुप से खुशबू सींग मैंम ओर स्कूल के क्रीडा शिक्षक शहबाज शेख़ सर और जीनत पठान मैंम आदि शिक्षक गण को दिया गया। मान्य उपवंशी डिवीजन लेवल के लिए चयनित किए गए है। मान्य की सफलता पर समस्त स्नेहीजनों, मित्रों एवं परिजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द की, एक सप्ताह में सरेंडर करने के आदेश

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को करारा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी हैं। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सुशील को दी गई जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने के लिए कहा है। सागर के पिता ने सुशील को जमानत दिये जाने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

सागर की हत्या 4 मई 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में हुए झगड़े में हुई थी। इस दौरान उनके दो दोस्तों पर भी हमला हुआ था। आरोप है कि यह हमला सुशील कुमार और उनके साथियों ने संपत्ति विवाद के कारण किया गया। सागर हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गयी थी। वहीं उसके साथी भी गंभीर रुप से घायल हुए।

इस मामले के बाद सुशील कुमार फरार हो गये थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने 23 मई 2021 को मुंडका इलाके से गिरफ्तार किया था। तब सुशील एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की स्कूटी पर रकम लेने पहुंचे थे। गिरफ्तारी के बाद उनसे उन्हें रेलवे की नौकरी से निलंबित कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अक्टूबर 2022 में कई धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत उनपर आरोप तय किए गए। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में सुशील को साजिश का मास्टरमाइंड बताया। पुलिस ने दावा किया कि उन्होंने कुश्ती जगत में अपना दबदबा कायम करने के लिएही ये हमला करवाया। वहीं सुशील ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि वे पहले ही साढ़े तीन साल जेल में रहे हैं। मुकदमे में अब तक 222 में से केवल 31 गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं। इन्हीं आधारों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने मार्च 2024 में उन्हें जमानत दी थी, जिसे शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि सुशील कुमार ने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में रजत पदक जीता था। वहीं एशियाई खेलों में उनके नाम स्वर्ण पदक है। इसके अलावा भी इस पहलवान के नाम कई कुश्ती स्पर्धाओं में पदक हैं।

## शमी के भारत-वेस्टइंडीज सीरीज से वापसी करने की उम्मीदें

नई दिल्ली। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से वापसी कर सकते हैं हालांकि इससे पहले उन्हें दिलीप ट्रॉफी में अपनी फिटनेस साबित करने के साथ ही बेहतर प्रदर्शन भी करना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई के अधिकारी ने, शमी का टेस्ट करियर खत्म नहीं हुआ है. लेकिन अब सबकुछ उनकी फॉर्म और फिटनेस पर निर्भर करेगा। 28 अगस्त से शुरु हो रही दलीप ट्रॉफी में उनके प्रदर्शन पर हमारी नजरें रहेंगी।



उन्होंने कहा, 'हमें उनकी फिटनेस देखनी होगी वे रणजी मैचों में एक स्पेल में तीन-चार ओवर गेंदबाजी करते थे और मैदान से बाहर चले जाते थे इसलिए यह देखना होगा कि उनका शरील लंबे स्पेल के लिए कितना तैयार हुआ है। यह उनके साथ सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।' शमी ने अपना आखिरी टेस्ट मैच दो साल पहले खेला था। इसके बाद उन्होंने एकदिवीसय में वापसी तो की पर इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम में उन्हें जगह नहीं मिली थी। शमी ने अंतिम बार टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था, जो जून 2023 में खेला गया था। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस मैच में 4 विकेट लिए थे। इसके बाद शमी को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए आराम दिया गया था। वह चोटिल होने के कारण 5 टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाए।

जब भारतीय टीम जून में इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई तब बीसीसीआई चयनकर्ताओं ने शमी से बात की थी पर उन्हें अपनी फिटनेस पर भरोसा नहीं था। इसी कारण उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया था। तबबीसीसीआई की ओर से कहा गया था कि उन्हें फॉर्म के कारण नहीं बल्कि फिटनेस की परेशानी के कारण बाहर किया गया था।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## 24x7 जन सेवा में समर्पित तकनीक से सशक्त

# डायल 112

त्वरित और संवेदनशील आपातकालीन सेवा



## शुभारंभ

## डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

द्वारा

14 अगस्त 2025, दोपहर 12:00 बजे

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल

### डायल-100 अब हुई डायल-112

## अब तक 1.97 करोड़ से अधिक नागरिकों को समय पर सहायता

- 19.71 लाख घटनाओं में महिला सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया
- 12.48 लाख सड़क दुर्घटनाओं में सहायता
- 2.23 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सहायता



### अब प्रतिक्रिया नहीं, पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा का वादा

- उन्नत कॉल सेंटर प्रणाली से मात्र 16 मिनट में लोकेशन पर पहुंचेगी सहायता
- अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और विशेष हेल्पलाइन जैसे महिला, साइबर बाल संरक्षण की एकीकृत हेल्पलाइन
- गोपनीयता बनाये रखने हेतु नम्बर मास्किंग
- चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रेकिंग
- पारदर्शिता हेतु FRVs में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा

D11082/25

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# दो अलग-अलग मामलों में दो बच्चों की जिला चिकित्सालय में मौत

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत दो बच्चों की जिला अस्पताल में मौत हो गई। जिसकी तहरीर अस्पताल पुलिस चौकी को मिलने पर पुलिस ने मृतक बच्चों के शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया हैं । पुलिस द्वारा शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी जांच हेतु संबंधित थाना को भेजी जांएगी। मामला संबंध में अस्पताल पुलिस चौकी अंतर्गत रूपझर थाना क्षेत्र के सोनेवानी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पालाघोंदी निवासी सुखचंद वरकड़े के 8 वर्षीय पुत्र की 13 अगस्त की अलसुबह करीब 4.30 बजे अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे ईलाज के लिये परिजनों ने जिला अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने जांच कर मृत होना बताया।




बताया गया कि सुखचंद वरकड़े के तीन पुत्र है। इनमें मृतक बड़ा था। सुखचंद अपनी पत्नी व छोटे बच्चे के साथ ससुराल गया हुआ था और घर में रिषी अपनी दादी व चाचा एवं मझले भाई के साथ था। जो 12 अगस्त की रात परिवार के साथ खाना खाकर जमीन पर सोये हुये थे। सुबह करीब 4.30 बजे रिषी के पेट में अचानक दर्द होने पर अपने चाचा व दादी को बताया। जिसकी तबियत बिगडने़ पर उसे शीघ्र परिजनों ने उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने जांच कर मृत होना बताया। जिसकी तहरीर अस्पताल चौकी पुलिस को दी गई। बालक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

### 13 वर्षीय बालक की ईलाज दौरान मौत

दूसरा मामला परसवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम ठेमा का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अंशुल पिता पीताम्बर चौहान 13 वर्ष की 12 अगस्त को दोपहर करीब 12.30बजे अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिये परिजनों ने अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी तहरीर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा अस्पताल चौकी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर दूसरे दिन 13 अगस्त की सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी जांच हेतु थाना में भेजी जाएंगी।

# दो मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दो युवक घायल

## एक को किया गया डिस्चार्ज, दूसरे घायल का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। बिठली पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले मंडवा रात्रि मार्ग पर दो मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में मोटरसाइकिल में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।जिसमें से एक घायल को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।तो वहीं दूसरे घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।घायलों में थाना लांजी पितकोना निवासी 22 वर्षीय सन्ग्रेस पिता कमल सिंह उइके, तो वही इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए लांजी पितकोना निवासी 18 वर्षीय सुलीचन्द पिता रामचंद्र उईके के नाम का शामवेश है।जिसमे सुलीचन्द उइके का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।



### उकवा से घर वापस जाते समय हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार पितकोना निवासी सुलीचन्द और सन्ग्रेस उईके दोनों युवक एक इंटरनेट सप्लायर कंपनी में केबल जोड़ने का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर उकवा क्षेत्र में काम से आए थे, जो शाम करीब 6 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर वापस पितकोना जा रहे थे।तभी बिठली चौकी के मंडवा रात्रि मार्ग पर, सामने से आ रहे एक अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोस मार दी। जहां मोटरसाइकिल की ठोस से दोनों युवक मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें निजी वाहन से उपचार के लिए नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर सन्ग्रेस उईके का उपचार कर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।तो वहीं इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुलीचन्द उइके को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है ।

# जिला प्रशासन और बालाघाट टैलेंट संस्था ने निकाली तिरंगा यात्रा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बालाघाट टैलेंट संस्था एवं जिला प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । यह तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए वीर जवानों को समर्पित रही। साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चे वह आमजन को वीर शहीदों के शौर्य की गाथा को याद कराना भी इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य था। यह यात्रा स्थानीय हनुमान चौक से मेन रोड से होते हुए कालीपुतली चौक, अंबेडकर चौक से गोंदिया रोड होते हुए निकाली गई । इस यात्रा में शासकीय , अशासकीय और स्वयंसेवी संस्थाएं, स्कूल और कॉलेज के बच्चे सम्मिलित हुए । इस यात्रा को हनुमान चौक में कलेक्टर मृणाल मीणा सहित पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाते हुए इसका शुभारंभ किया गया। आपको बता दे की जहाँ एक ओर 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा , हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अलग-अलग दिन, अलग-अलग संस्थाएं और विभागों द्वारा अपने स्तर पर तिरंगा रैली, तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के साथ बालाघाट टैलेंट संस्था द्वारा 13 अगस्त को इस यात्रा का आयोजन स्थानीय हनुमान चौक में किया गया। यह तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए वीर जवानों को समर्पित रही। इस यात्रा का शुभारंभ संस्था के पदाधिकारी सहित कलेक्टर मृणाल मीणा और पुलिस अधीक्षक , नगर पालिका अध्यक्ष सहित अन्य स्वयंसेवी संस्था के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सुबह 11 बजे हनुमान चौक से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए किया गया , इसमें स्वयं कलेक्टर मृणाल मीणा और जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी हाथों में तिरंगा लेकर निकले । यह यात्रा हनुमान चौक से मेन रोड होते हुए कालीपुतली चौक पहुंची। यहां तिरंगा यात्रा में कई शासकीय ,अशासकीय संस्थाओं व स्कूल कॉलेज के बच्चे भी इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। देशभक्ति गानों पर यह यात्रा धीरे-धीरे शहर के प्रमुख चौक से आगे बढ़ती रही एवं अंत में यह तिरंगा यात्रा हनुमान चौक में जाकर खत्म हो गई। इस यात्रा में घोड़े पर बैठी वीरांगनाएं प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही , कई बच्चे देशभक्ति गानों पर झूमते और थिरकते भी नजर आए इस यात्रा में प्रमुख रूप से कलेक्टर मृणाल मीणा, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, एसडीएम गोपाल सोनी, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, रमेश रंगलानी, मौसम बिसेन , भारती ठाकुर, किरन भाई त्रिवेदी, तपेश असाठी , आशीष मिश्रा उपस्थित रहे ।







# पैर पर ग्रेनाइट पत्थर गिरने से ड्राइवर घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। रूपझर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चौकी व ग्राम उकवा में ग्रेनाइट के पत्थर पैर पर गिर जाने से ड्राइवर का पैर टूट गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर युवक का नाम ग्राम रूपझर वार्ड नंबर 01, निवासी 22 वर्षीय दिव्यम पिता सुखदेव ढोढरे बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रूपझर वार्ड नंबर 01 निवासी दिव्यम,ढोढरे पेशे से ड्राइवर है, जो माल वाहक गाड़ी में ड्राइवरी का काम करता है। बताया गया कि दिव्यम मंगलवार को ग्रेनाइट पत्थर लेने के लिए बालाघाट आया था। जो करीब 900 किलो वजनी पत्थर लेकर देर शाम उकवा पहुंचा था। जानकारी के अनुसार उकवा पहुंचकर ग्रेनाइट गाड़ी से उतारने के लिए, जब उसने ग्रेनाइट पत्थर का रस्सा खोला, तो रस्सा खोलते ही ग्रेनाइट के पत्थर सीधे उसके पैर में आकर गिरे, जहां ग्रेनाइट पत्थर में दबने से उसकी पैर की हड्डी टूट गई।जिस पर स्थानीय लोगों द्वारा उसे उपचार के लिए उकवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए वहां के चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया।जहां दिव्यम का उपचार जारी है।



पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट